संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -306 शनिवार , 09 सितम्बर 2023, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

जी-20 शिखर सम्मेलन का आगाज आज से

» अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए दिल्ली पहुंचे

» पीएम मोदी के साथ करेंगे द्विपक्षीय बैठक



नई दिल्ली,08 सितम्बर 2023(ए)। भारत में जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए मेहमानों के आने का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए भारत पहुंच चुके हैं। वे दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर लैंड हुए। एयरपोर्ट पर वीके सिंह ने जो बाइडेन का स्वागत किया। वे 3 दिनों तक भारत में रहेंगे।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन सबसे पहले द्विपक्षीय बातचीत करेंगे। इसके लिए वे जल्द ही राष्ट्रीय राजधानी के केंद्र में लोक कल्याण मार्ग पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात करेंगे। उनके अलावा बांग्लादेश और मॉरीशस के प्रधानमंत्रियों के साथ भी पीएम मोदी की बैठक संपन्न हो चुकी है।

दिल्ली में जो बाइडेन पहली बार पीएम मोदी से बतौर राष्ट्रपति मुलाकात कर रहे हैं।इस बैठक में दोनों नेताओं के बीच कई मुद्दों को लेकर बातचीत होगी। जानकारी के मुताबिक स्वच्छ ऊर्जा, व्यापार, उच्च-प्रौद्योगिकी, रक्षा जैसे क्षेत्रों में जारी द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा करने की उम्मीद है। इसके साथ ही वे इस बात पर भी चर्चा कर सकते हैं कि दोनों देश विश्व की कुछ गंभीर चुनौतियों से निपटने में किस प्रकार योगदान दे सकते हैं।

अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि इस बैठक में दोनों नेता प्रधानमंत्री मोदी की जून में अमेरिका की आधिकारिक यात्रा के दौरान लिए गए फैसलों पर प्रगति की समीक्षा कर सकते हैं। जिसमें जीई जेट इंजन डील, प्रीडेटर ड्रोन की खरीद शामिल हैं।

इस बैठक के दौरान 5जी और 6जी स्पेक्ट्रम, यूक्रेन युद्ध, सिविल न्यूक्लियर क्षेत्र में प्रगति और उभरती प्रौद्योगिकियां पर भी चर्चा हो सकती है। जेक सुलिवन ने हालांकि उन रिपोर्टों की पुष्टि नहीं की है कि अमेरिका खाड़ी देशों और अन्य अरब देशों को जोड़ने के लिए भारत और अरब देशों के साथ एक प्रमुख रेल समझौते की घोषणा करने की योजना बना रहा है, या नहीं। हालांकि उन्होने कहा कि यह एक पहल है जिसमें अमेरिका ने अपने सहयोगियों के साथ प्रयास कर रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन भारत आने वाले अमेरिका के 8वें राष्ट्रपति हैं। इसमें खास बात ये है कि भारत की आजादी के शुरुआती 50 साल में केवल 3 अमेरिकी राष्ट्रपति भारत के दौरे पर आए थे। लेकिन पिछले 23 सालों में ये किसी अमेरिकी राष्ट्रपति का छठा दौरा है। भारत में 9 और 10 सितंबर को जी20 शिखर सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान राजधानी नई दिल्ली को दुल्हन की तरह सजाया गया है। अब तक कई बड़े नेता आ चुके हैं।

राष्ट्रपति मुर्मू के रात्रिभोज में खड़गे को निमंत्रण नहीं

नई दिल्ली,08 सितम्बर 2023(ए)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, जो राज्यसभा में विपक्ष के नेता हैं, को शनिवार को राष्ट्रपति द्वारा आयोजित रात्रिभोज के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है।

खड़गे के कार्यालय के सूत्रों ने बताया, उन्हें अब तक राष्ट्रपति द्वारा आयोजित रात्रिभोज के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है।

इससे पहले बुधवार को कांग्रेस के एक सूत्र ने कहा था कि राष्ट्रपति द्वारा आयोजित रात्रिभोज के लिए कई केंद्रीय मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों को आमंत्रित किया गया है, लेकिन खड़गे को निमंत्रण नहीं भेजा गया।

उन्होंने यह भी कहा कि रात्रिभोज के लिए पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को आमंत्रित किया गया है।

जी20 शिखर सम्मेलन इस साल भारत की अध्यक्षता में 9-10 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है।

विदेश में राहुल गांधी,मोदी सरकार के इस फैसले के पक्ष में दिया बड़ा बयान

नई दिल्ली,08 सितम्बर 2023(ए)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी इन दिनों यूरोप दौरे पर हैं। बेल्जियम में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए राहुल ने मोदी सरकार के एक फैसले का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि रूस और यूक्रेन युद्ध पर सरकार के रुख के फैसले से विपक्ष सहमत है। मालूम हो कि ऐसा बहुत कम देखा गया है, जब राहुल गांधी समेत विपक्ष के नेता मोदी सरकार के किसी फैसले पर सहमत हों या उसका समर्थन करें। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, मुझे लगता है कि विपक्ष, कुल मिलाकर, संघर्ष (रूस और यूक्रेन के बीच) पर भारत की वर्तमान स्थिति से सहमत होगा। रूस के साथ हमारे संबंध हैं। मुझे नहीं लगता कि विपक्ष का सरकार वर्तमान में जो कर रही है, उससे कोई अलग रुख होगा। दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे को आमंत्रित नहीं किए जाने के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, उन्होंने विपक्ष के नेता को आमंत्रित नहीं करने का फैसला

किया है। यह आपको कुछ बताता है। यह बताता है कि वे भारत की 60त्न आबादी के नेता को महत्व नहीं देते हैं। यह कुछ ऐसा है जिसके बारे में लोगों को सोचना चाहिए - वे ऐसा करने की आवश्यकता क्यों महसूस कर रहे हैं और इसके पीछे किस प्रकार की सोच है।

इससे पहले, जून महीने में भी रूस-यूक्रेन युद्ध पर राहुल गांधी ने अमेरिका के दौरे के दौरान केंद्र सरकार के रुख का समर्थन किया था। उन्होंने वॉशिंगटन में नेशनल प्रेस क्लब में पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान कहा था कि वह भी इस मुद्दे पर भी इसी तरह प्रतिक्रिया देंते। उन्होंने कहा था, मैं (रूस को) वैसे ही जवाब दूंगा जैसे भाजपा ने दिया था। हम (कांग्रेस) भी उसी तरह (रूस-यूक्रेन संघर्ष पर) जवाब देंगे। क्योंकि भारत का रूस के साथ अच्छा रिश्ता है। हमारी नीति भी ऐसी ही होगी। बता दें कि फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस ने आक्रमण शुरू कर दिया था। शुरुआती समय में लगा था कि रूस कुछ ही समय में यह युद्ध जीत जाएगा, लेकिन यूक्रेन ने अब तक डटकर मुकाबला किया। हालांकि, रूसी मिसाइलों के चलते यूक्रेन में जान-माल का काफी नुकसान हुआ है।

एयर होस्टेस रूपल आगरे की हत्या करने वाले आरोपी ने लॉकअप में की आत्महत्या

मुंबई,08 सितम्बर 2023(ए)। एयर होस्टेस रूपल की हत्या करने वाले आरोपी ने सुबह अंधेरी इलाके में पुलिस लॉकअप में आत्महत्या कर ली। आरोपी विक्रम अटवाल द्वारा पैंट के सहारे फांसी लगाने की घटना आज सुबह करीब 6.30 बजे की है।रूपल की हत्या के मामले में अटवाल को 8 सितंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया था, जिसके मुताबिक आज उन्हें कोर्ट में पेश किया जाना था। विक्रम को पुलिस ने पवई में रहने वाली एयर होस्टेस रूपल आगरे की हत्या के मामले में गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल पुलिस हिरासत में था। कुछ देर में आरोपी के शव को नजदीकी सरकारी अस्पताल ले जाया जाएगा। वहां शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। विक्रम बिल्डिंग में हाउस कीपिंग का काम करता था।

हाईकोर्ट ने जमीन हड़पने के लिए राजनीतिक शक्ति के इस्तेमाल को बताया दिनदहाड़े डकैती

चेन्नई,08 सितम्बर 2023(ए)। मद्रास उच्च न्यायालय ने एक प्रमुख टिप्पणी में कहा है कि एक शक्तिहीन आम आदमी से जमीन हड़पने के लिए राजनीतिक शक्ति और प्रभाव का उपयोग करना दिन-दहाड़े डकैती से कम नहीं है। न्यायमूर्ति एस.एम. सुब्रमण्यम की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह टिप्पणी हाल ही में सत्तारूढ़ डीएमके पार्टी से जुड़े एक वार्ड सचिव एस. रामलिंगम के खिलाफ 65 वर्षीय मकान मालकिन आर. गिरिजा द्वारा दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए की।

पीठ ने कहा कि मकान मालकिन और उनके पति वरिष्ठ नागरिक हैं, जो लंबे समय से पीड़ित हैं। वरिष्ठ नागरिक अधिनियम के तहत वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना राज्य और जिला कलेक्टर का कर्तव्य है। आरोपी ने अदालत के आदेश के बावजूद महिला की संपत्ति खाली करने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने पुलिस विभाग को 48 घंटे के भीतर डीएमके नेता की बेदखली सुनिश्चित करने का आदेश दिया था। अपना घर किराए पर देने वाली महिला ने अदालत को बताया कि बकाया किराए का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है और आरोपी राजनेता ने अपने राजनीतिक रसूख का इस्तेमाल करते हुए पांच साल से बकाया भुगतान नहीं किया है।

बेदखली से बचने और बकाया किराया वसूलने के लिए किराया नियंत्रण मामलों में लंबी अदालती कार्यवाही का दुरुपयोग किया जा रहा है। नए अधिनियमों के तहत भी कानूनी विशेषज्ञों की मदद से कानूनी कार्यवाही को लंबा खींचने का प्रयास किया जाता है। पीठ ने कहा, ऐसे प्रयासों को विफल किया जाना चाहिए। पुलिस ने अदालत के आदेश के अनुसार आरोपी डीएमके नेता को याचिकाकर्ता मकान मालकिन के स्वामित्व वाले परिसर से बेदखल कर दिया है।

बीएसएफ के रिटायर्ड जवान को गोलियों से भूना

» एक दर्जन से ज्यादा नक्सलियों ने घेरा घर

रांची ,08 सितम्बर 2023(ए)। झारखंड के कोल्हान इलाके में माओवादी नक्सलियों का खूनी खेल थम नहीं रहा है। बीती रात पूर्वी सिंहभूम के गोइलकेरा प्रखंड में नक्सलियों के हथियारबंद दस्ते ने बीएसएफ के रिटायर्ड जवान सुखलाल पूर्ति के घर पर हमला बोलकर उन्हें गोलियों से भून डाला। पिछले 20 दिनों के भीतर पूर्वी सिंहभूम (चाईबासा) में नक्सलियों ने सात ग्रामीणों की हत्या की है। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को चाईबासा दौरे पर जाने वाले हैं। इसके कुछ घंटे पहले नक्सलियों की इस वारदात से पुलिस-प्रशासन अलर्ट हो गया है।

बताया गया कि गोइलकेरा प्रखंड अंतर्गत कदमडीहा पंचायत के काशीजोड़ा गांव में सात सितंबर की रात एक दर्जन से ज्यादा नक्सलियों ने बीएसएफ के रिटायर्ड जवान सुखलाल पूर्ति का घर घेर लिया। उन्होंने आवाज देकर दरवाजा खोलने को कहा, लेकिन ऐसा नहीं करने पर नक्सली घर के दरवाजे को तोड़कर अंदर घुसे और जवान को गोलियों से छलनी कर दिया। सुखलाल पूर्ति कुछ साल पहले बीएसएफ से रिटायरमेंट के बाद अपने गांव में रह रहे थे। उनकी उम्र करीब 50 साल थी। उनकी हत्या के बाद नक्सली पर्चे भी छोड़ गए हैं, जिसमें उनपर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाया गया है। वारदात की जानकारी मिलने पर पुलिस आज सुबह करीब नौ बजे जवान के घर पहुंची और उनका शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बता दें कि इसके पहले बीते तीन हफ्तों के भीतर नक्सलियों ने कदमडीहा गांव के रोंडो सुरीन, अर्जुन सुरीन, सुपाय मुरकड, कान्हू अंगरिया, रसिया प्रधान एवं एक अन्य ग्रामीण की हत्या की है।

एनएसयूआई और पुलिस में झड़प

सीहोर,08 सितम्बर 2023(ए)। एनएसयूआई के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने आज अपनी मांगों को लेकर जंगी प्रदर्शन कर कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव किया। इस बीच एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं एवं पुलिस में झड़प भी देखी गई। इस झड़प में मंडी थाना टीआई जगदीश सिंह सिद्धू को मामूली चोट भी आई है।एनएसयूआई कार्यकर्ता आष्टा कॉलेज के प्रिंसिपल प्रवीण प्रजापति पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर अड़े रहे। बाद में प्रशासन द्वारा आष्टा कॉलेज के प्रिंसिपल पर कार्रवाई करने का तीन दिन का समय दिया गया तब जाकर एनएसयूआई कार्यकर्ता मानें। एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे ने कहा कि आष्टा कॉलेज के प्रिंसिपल पर पूर्व में छेड़छाड़ के आरोप लगे हैं और इस मामले की पुलिस में एफआईआर भी दर्ज है।इसके बाद भी उनको प्रिंसिपल बना दिया गया है। हमने कई बार प्रशासन को अवगत कराया परंतु इस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

यूआईडीएआई ने दी खुशखबरी! अब अगले 3 महीने फ्री में अपडेट करा सकते हैं अपना आधार कार्ड

नई दिल्ली,08 सितम्बर 2023(ए)। आपके लिए एक अच्छी अगर आपको अपने आधार में कोई डीटेल अपडेट करानी है तो आपके पास ये फ्री में कराने का मौका है। यूआईडीएआई ने आधार कार्ड होल्डर्स को 14 सितंबर तक अपना आधार फ्री में अपडेट कराने का मौका दिया था, मगर अब ये डेडलाइन बढ़ा दी गई है।

क्या है नई डेडलाइन?

यूआईडीएआई ने 6 सितंबर को एक नया आदेश जारी किया गया है जिसमें कहा गया है कि माई आधार पोर्टल के जरिए आधार को फ्री में अपडेट कराने की छूट को आगे बढ़ाने का फैसला किया गया है। फ्री में अपडेट की सुविधा के लिए लोगों का उत्साह देखते हुए संस्था ने ये फैसला लिया है।

यूआईडीएआई ने क्या कहा है?

यूआईडीएआई ने ऑर्डर में कहा कि ज्यादा लोगों को अपना आधार अपडेट करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य के साथ ये फैसला लिया गया था कि 14 सितंबर, 2023 तक माई आधार पोर्टल पर फ्री में आधार के डॉक्यूमेंट्स अपडेट करने की सुविधा दी जाए। इस छूट को अगले तीन महीनों के लिए बढ़ा दिया जाए, यानी कि 15 सितंबर से 14 दिसंबर, 2023 तक ये सुविधा जारी रहेगी।

फिर भड़की हिंसा,सुरक्षाबलों और उपद्रवियों के बीच गोलीबारी

नई दिल्ली,08 सितम्बर 2023(ए)। हिंसा की आग में जल रहे मणिपुर में एक बार फिर तनाव का माहौल है। राज्य के तेंग्नौपाल जिले के पल्लेल इलाके में शुक्रवार सुबह सुरक्षाबलों और उपद्रवियों के बीच गोलीबारी हो गई। सुरक्षाबल के अधिकारियों ने मामले की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि जंगल में छिपे हमलावरों ने आज सुबह करीब 6 बजे सुरक्षाबलों पर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया है। हालांकि, इस घटना में किसी के भी घायल होने या हताहत होने की जानकारी सामने नहीं आई है। मामले पर सुरक्षाबल पूरी तरह से नजर बनाए हुए हैं। पूरी घटना को संभालने के लिए अतिरिक्त सुरक्षाबलों को भी पल्लेल इलाके में भेजा जा रहा है।

एक सप्ताह की शांति के बाद, पिछले सप्ताह भी मणिपुर राज्य में हिंसा भड़क उठी। 29 अगस्त और 31 अगस्त को आदिवासी कुकी और प्रमुख मैतेई के लोगों के बीच झड़पों में कम से कम 8 लोग मारे गए और 3 इंडिया रिजर्व बटालियन कर्मियों सहित दो दर्जन से अधिक घायल हो गए। फौगाकचाओ इखाई गांव में सुरक्षा बैरिकेड को हटाने के लिए मार्च के लिए मैतेई समूहों की महिलाओं के आह्वान के बाद इलाके में पूरी तरह से कर्फ्यू लगा दिया गया है। कोकोमी नामक समूह ने यह कहते हुए असम राइफल्स को मणिपुर से हटाने की मांग की है कि यह बल भेदभाव करता है। मैतेई महिला समूहों ने बल के खिलाफ कई विरोध प्रदर्शन किए हैं। इलाके में शांति लाने के लिए रैपिड एक्शन फोर्स, असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस के जवानों सहित सुरक्षा बल भारी मात्रा में तैनात है। उल्लेखनीय है कि, 3 मई को मणिपुर में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से ही हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। इसमें अब तक 160 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। साथ ही, कई लोग अपना घर छोड़कर राहत शिविरों में जीवन बिताने के लिए मजबूर हैं।

धूपगुड़ी सीट पर बीजेपी को मिली हार

कोलकाता,08 सितम्बर 2023(ए)। पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले की धूपगुड़ी विधानसभा सीट पर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने जीत दर्ज की। पेशे से प्रोफेसर तृणमूल कांग्रेस के निर्मल चंद्र रॉय ने 4,313 से अधिक मतों के अंतर से अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भारतीय जनता पार्टी की तापसी रॉय को हराया। उन्हें 96,961 वोट मिले, जबकि प्रतिद्वंद्वी तापसी रॉय ने 92,648 वोट हासिल किये। बता दें कि तापसी जम्मू-कश्मीर में 2021 में आतंकवादी हमले में शहीद हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान की पत्नी हैं।

बता दें कि भाजपा के बिष्णु पद रे ने 2021 के विधानसभा चुनाव में इस सीट पर जीत दर्ज की थी और 25 जुलाई को उनके निधन के कारण उपचुनाव आवश्यक हो गया था। उत्तर बंगाल विश्वविद्यालय के जलपाईगुड़ी द्वितीय परिसर में कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना हुई। उपचुनाव के लिए मतदान पांच सितंबर को हुआ था और 78 फीसदी मतदान दर्ज किया गया था।

त्रिपुरा की दोनों सीटें बीजेपी ने जीतीं

उधर, भारतीय जनता पार्टी ने त्रिपुरा के सिपाहीजाला जिले में धनपुर और बॉक्सानगर विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में शुक्रवार को भारी अंतर से जीत दर्ज की। निर्वाचन आयोग के अनुसार, भाजपा के तफ्फजल हुसैन ने बॉक्सानगर सीट पर 30,237 मतों से जीत दर्ज की। इस सीट पर करीब 66 फीसदी मतदाता अल्पसंख्यक हैं. हुसैन को 34,146 वोट मिले जबकि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के उनके करीबी प्रतिद्वंद्वी मिजान हुसैन को 3,909 वोट मिले. भाजपा प्रत्याशी बिंदू देबनाथ ने धनपुर सीट पर 18,871 मतों से जीत दर्ज की। इस सीट पर मतदाताओं का एक बड़ा तबका आदिवासी समुदाय का है. देबनाथ को 30,017 वोट मिले तथा माकपा के उनके करीबी प्रतिद्वंद्वी कौशिक चंदा को 11,146 वोट मिले।

संपादकीय

दांव पर छात्रों की जान

जानकारों के मुताबिक छात्रों पर बढ़ने वाले मनोवैज्ञानिक दबाव के पीछे एक प्रमुख कारण यहां का कोचिंग सिस्टम है। कोचिंग संस्थान सिर्फ उन छात्रों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जिन्हें ग्रेडिंग में ज्यादा नंबर मिलते हैं। इससे बाकी छात्रों पर दबाव बढ़ जाता है।

कोचिंग हब के नाम से मशहूर शहर कोटा में छात्रों के आत्महत्या करने का सिलसिला जारी है। ऐसा लगता है कि ये समस्या लाइलाज हो गई है। छात्रों की मुसीबत और उसके समाधान की चर्चाएं खूब होती हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं निकलता। बीते आठ महीने में 24 छात्रों ने जान दी है। इनमें से 13 ऐसे थे, जिन्हें कोटा आए एक साल से भी कम समय हुआ था। हाल में यह शहर आत्महत्या की बढ़ती संख्या को लेकर सुर्खियों में आया, जब गुजरे 27 अगस्त को महज चार घंटे के अंतर पर यहां दो छात्रों ने अपनी जान दे दी। उन्हें शामिल करते हुए इस साल जनवरी से लेकर 28 अगस्त तक कोटा में 24 छात्र अपनी जान दे चुके थे। इसके पहले दिसंबर 2022 में चार छात्रों ने आत्महत्या की थी। खबरों के मुताबिक पिछले 12 साल में 150 से ज्यादा छात्र यहां खुदकुशी कर चुके हैं। जानकारों का कहना है कि छात्रों पर बढ़ने वाले मनोवैज्ञानिक दबाव के पीछे एक प्रमुख कारण यहां के कोचिंग का सिस्टम है।

कोचिंग संस्थान 700 नंबर के इस टेस्ट के रिजल्ट के आधार पर छात्रों की रैंकिंग और ग्रेडिंग तय करते हैं। 500 से ज्यादा नंबर लाने वाले छात्रों की रैंकिंग अच्छी मानी जाती है और उन पर कोचिंग संस्थानों का ज्यादा फोकस होता है। ऐसे में जो बच्चे कम नंबर लाते हैं, वे अपने नंबरों से तो परेशान होते ही हैं, साथ ही उन्हें यह डर भी सताने लगता है कि अब संस्थान भी उन पर कम ध्यान देगा। इस कारण अक्सर वे डिप्रेशन का शिकार हो जाते हैं। आत्महत्या के बढ़ते मामलों से चिंतित राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पिछले दिनों कोचिंग संस्थानों को कुछ निर्देश दिए। इनमें रविवार को टेस्ट नहीं लेने, दो सप्ताह में एक बार छात्र-छात्राओं की सेहत की जांच कराने, पढ़ाई का बोझ नहीं डालने जैसे निर्देश शामिल हैं। कोटा के कलेक्टर ने कोचिंग संस्थानों में दो महीने तक टेस्ट ना कराने का निर्देश जारी किया है। लेकिन जो समस्या करियर के लिए माहौल और परिवार के दबाव से जुड़ी है, क्या उसका समाधान ऐसे उपायों से हो सकता है?

विधायक का विरोध सरेआम न होकर क्या केवल मन में है?

» बैकुंठपुर विधानसभा के कांग्रेसी वर्तमान विधायक के विरोध में हैं,लेकिन जब भी विरोध जताने का मौका मिला तो असफल क्यों रहे?

» वर्तमान विधायक से उपेक्षित हैं अधिकांश कांग्रेसी नेता फिर भी अपनी उपेक्षा उच्च स्तरीय नेताओं को बता पाने में असमर्थ क्यों?

बैकुंठपुर विधायक को लेकर विधानसभा क्षेत्र की जनता में जितना असंतोष है उससे कहीं ज्यादा असंतोष कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में देखा जा रहा है जो खुलकर सामने भी आ रहा है, लेकिन यह सबकुछ केवल स्थानीय स्तर तक ही सीमित है और किसी बड़े नेता व किसी प्रभारी के आने पर क्षेत्र के नेता विधायक का विरोध नहीं कर पाते और यदि कर भी पाते हैं तो बड़े नेताओं के द्वारा विरोध का कारण पूछ देने पर ही चुप हो जाते हैं, जिसके बाद आए हुए बड़े नेता या प्रभारी भी यही समझ पाते हैं की स्पष्ट विरोध नहीं है और इसलिए वह भी विरोध को नजरंदाज कर जाते हैं। बैकुंठपुर विधानसभा में विधायक का विरोध करने वाले नेताओं की यदि बात की जाए तो उनमें भी आपसी गुटबाजी आपसी वर्चस्व की बात एक विषय जरूर है जो भी एक वजह है की वर्तमान विधायक का विरोध कांग्रेसी उस दमदारी से नहीं कर पा रहे हैं, जिस दमदारी से उन्हे करना चाहिए, कुल मिलाकर बैकुंठपुर विधानसभा के कांग्रेसी विधायक से नाराज हैं उनकी कार्यप्रणाली को लेकर भले ही उनके विरोधी हैं, लेकिन वह आपस में भी एक नहीं हैं और जिसकी वजह से वह किसी भी बड़े स्तर के नेता या प्रभारी के आने पर भी वह विरोध दर्ज नहीं कर पाते जैसा की नाराजगी देखकर सुनकर कांग्रेसी नेताओं का लगता है की उन्हे करना चाहिए।

कोई कांग्रेसी यदि विरोध के नाम पर विधानसभा में आए हुए किसी प्रभारी या बड़े नेता के पास जाता भी है तो वह केवल अपना विरोध अपना स्वार्थ और अपना बखान लेकर जाता है जो सामने वाले के सामने यह साबित करने के लिए काफी हो जाता है की विरोध करने पहुंचा कांग्रेसी विरोधी कम खुद के लिए पद की दौड़ में ज्यादा है और विरोध की वजह भी एक है। बैकुंठपुर विधानसभा में कांग्रेस कई धड़ों में बंटी हुई है, विधायक गुट के बाद इतने गुट हैं की नाम



लेना या ले पाना संभव नहीं है और अधिकांश गुट विधायक का विरोध भी करते हैं, लेकिन उचित मंच पर वह विरोध नहीं किया जाता, वह विरोध केवल विधानसभा क्षेत्र में अपने से जुड़े लोगों के बीच ही नेता कर पाते हैं, जिसका कोई असर विधायक पर वह नहीं डाल पाते। जैसा की अभी हाल ही में दो बार विधानसभावार कांग्रेस नेताओं से पसंदीदा विधायक प्रत्याशी को लेकर प्रश्न करने उनकी मंशा जानने पार्टी ने आयोजन किया था प्रयास किया था जिसमे एक बैठक कोरबा में हुई थी, जिसमे स्वयं प्रदेश प्रभारी मौजूद थीं और वहां बैकुंठपुर विधानसभा से अधिकांश कांग्रेस पार्टी से टिकट की आस में दावेदारी किए नेता पहुंचे थे, सभी उपस्थित हुए और जब उनसे प्रभारी ने यह पूछा की क्या सरकार की योजना से आप संतुष्ट हैं? क्या सरकार की योजना सरकार को पुनः सत्ता तक पहुंचा रही है? तब सभी ने एक स्वर में हां कह दिया और वहीं उन्होंने एक बार भी विधायक को लेकर कोई विषय नहीं रखा और जिसके बाद प्रदेश प्रभारी भी जान गई की विरोध थोड़ा बहुत है भी तो उतना हर दल में खासकर चुनाव में समय सत्ताधारी दल में ज्यादा ही होता है और उतना मैनेज किया जा सकता है, प्रभारी को यह भी समझ में आया की विरोध करने पहुंचे अधिकांश खुद प्रत्याशी बनने की लालसा में आए हुए हैं, और वह खुद विधायक प्रत्याशी के दावेदारी की दौड़ में शामिल है, विरोध करने वाले लोग विधायक की कमियों को नहीं रख पाए और विधायक से हो रही कांग्रेस पदाधिकारी की उपेक्षा को भी समझ नहीं पाए। सभी लोग विरोध करने के बजाय वह उचित समस्या बताने के बजाय अपने स्वार्थ सिद्धि में जुटे रहे, आखिर इसका अंत भी वैसा ही हुआ जैसा वह सोच भी नहीं थे। जैसा सोच कर कांग्रेसी मिलने पहुंचे थे उसके उलट ही वहां परिणाम मिला, उसकी सिर्फ एक वजह थी, उपेक्षित कांग्रेसियों का संगठित ना होना और संगठित होकर विधायक की कमियों को सही तरीके से उच्च स्तरीय नेताओं के सामने ना रख पाना, विधायक की कमियों को उच्च स्तरीय नेताओं तक रखने का कई मौका मिला पर स्वार्थी कांग्रेसी उसे रख नहीं पाए स्वार्थ में ही बह गए। एक अच्छा व जन सेवा वाला नेता अपनी कुशलता से उच्च स्तरीय नेताओं को समझता है और क्षेत्र में कांग्रेस कैसे मजबूत हो सकती है उसके लिए निस्वार्थ भाव से सलाह देता पर सलाह तो दूर उनके विधायक से क्षेत्र की नाराजगी को भी सही तरीके से रख नहीं पाए।

रवि सिंह
कटकोना,
बैकुंठपुर
कोरिया
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

तीजा-पोरा

छत्तीसगढ़ ल कइथे सुग्घर ,
धान के कटोरा ,
तीज तिहार होथे सुग्घर,
हरेली तीजा-पोरा ।
बाबू मन के गेड़ी ,
नादिया बइला नाथे डोरा ,
नोनी मन खेलय सुग्घर,
जावता-पोरा ।
मया- पिरीत के हे ,
इहां फुलवारी ,
मिलथे जिहां सुग्घर, संगी -संगवारी ।
दाई दीदी बहिनी मन के,
मइके के आसरा ,
मिलथे जिहां मया-दुलार,
दाई के सुग्घर कोरा ।
करु भात खाके सुग्घर,
रइथे तीजा उपास ,
मन के मनवाती पाथे,
रइथे मन म विश्वास ।
मइके के चिन्हा पाथे ,
कइथे तीजा के लुगरा ,
ददा के दुलार अऊ ,
दाई के मया के अछरा ।

डोमेन्द्र नेताम डोमू
मुण्डाटोला
डौण्डीलोहारा
बालोद
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

बेचारा आवारा

थक कर बैठ गया हूँ
थोड़े विराम के लिए
मगर सोच मत लेना
कि मैं जीवन से हार गया हूँ।
बदलते रहते हैं
जीवन के पड़ाव
मगर सोच मत लेना
मैं दूसरों के सहारे हो गया हूँ।
बदलते हुए जमाने के साथ
थोड़ा बदल सा गया हूँ
मगर सोच मत लेना
कि अब मैं आवारा हो गया।
गुमसुम सा रहता हूँ
गुमनाम लोगों के बीच
मगर सोच मत लेना
कि अब मैं बेचारा हो गया।

राजीव डोगरा
जनयानकड़
कांगड़ा
हिमाचल प्रदेश

नदी की लहरा

सरिता तट पर बैठे-बैठे,
देख रहा अविरल धारा को।
कल-कल करती बहती
जीवनदायिनी जगत अधारा को।
उसकी लहरे तट से टकराती,
छू जाती निज पैरों को।
मेरे तरफ ही आ-आकर कहती
पहचानों जो निज-गैरों को।।
वे ऐसे पराये होते है जो,
निज बनकर छलते हैं।
पीठ पीछे खंजर भोकते
और अजगर सरिस निगलते हैं।।
कभी मानवता को खाते हैं
तो कभी हक-अधिकार को।
उससे भी उदर न भरते तो,
पीछे करते होनहार को।।
पीते हैं वह दरिद्रों के खून को
और देह की पानी है।
कैसे निशर्मी लोग है,
जो पहनते श्वेत परिधानी है।
ज़ुबाँ में होते मीठ बोली,
हृदय में कपट रखते हैं।
जो होते अक्षम पर,
मुख्य पेज पर छपते हैं।।
ऐसे पापी लोग यहाँ,
खूब अधर्मों को करते हैं।
अंत घड़ी जब आए तो,
मेरे ही धारा में बहते हैं।।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

चन्द्रकांत खुंटे क्रांति
जांजगीर-चांपा
छत्तीसगढ़

एक लड़का

एक लड़का हैं,
जो मुझसे बहुत प्यार करता है,
मगर कभी मुँह फुलाता हैं
तों कभी प्यार लुताता हैं,
कभी जान मानता है,
तों कभी जालिमा मानता है,
कभी मान समझता हैं
तों कभी अपमान समझाता हैं
कुछ ऐसा ही प्यार ,
वों मुझसे करता है।।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

मुस्कान केशरी
मुजफ्फरपुर
बिहार

सनातन विरोध की राजनीति के लिए देश तैयार नहीं...

तमिलनाडु के खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म पर दिए बयान के विरोध का दायरा बढ़ रहा है। हालांकि अभी तक इसे सिर्फ धर्म के एकांगी दृष्टिकोण से देखा जा रहा है। लेकिन असल में इसे धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक तीनों संदर्भों में देखने की जरूरत है। बुनियादी रूप से उदयनिधि का बयान एक राजनीतिक बयान है, जिसकी जड़ें तमिलनाडु की द्रविड राजनीति में अंतर्निहित हैं, जहां समाज व्यापक रूप से ईवी रामास्वामी नायकर पेरियार और उनसे भी पहले के दार्शनिक रामालिंगा स्वामीगल उर्फ वल्लालार के विचारों से प्रभावित है। वल्लालार केरल के महान समाज सुधारक नारायण गुरू के समकालीन थे। दोनों उस समय में थे, जब लगभग समूचे दक्षिण भारत में समाज सुधार के छोटे छोटे आंदोलन चल रहे थे। दोनों ने जाति प्रथा, पितृसत्तात्मक समाज और सनातन धर्म की कई परंपराओं का विरोध किया और तर्क आधारित विचार पद्धति का समर्थन किया। उनका दर्शन बाद के समय में राजनीतिक आंदोलनों का आधार बना।

उदयनिधि उस विचार के साथ बड़े हुए हैं। उन्होंने अपने दादा और अपने पिता को वही राजनीति करते देखा है इसलिए वे उसी राजनीतिक विचारधारा को आगे बढ़ा रहे हैं। सो, अगर द्रविड राजनीति के नजरिए से देखें तो उन्होंने एक मास्टरस्ट्रोक चला है, जिसका फायदा उनकी पार्टी को हो सकता है। लेकिन सवाल है कि क्या पूरा देश इस राजनीति के लिए तैयार है? यह सवाल इसलिए जरूरी है क्योंकि उदयनिधि के बयान पर तमिलनाडु में कोई हंगामा नहीं हो रहा है। वहां की मुख्य विपक्षी पार्टी अन्ना डीएमके इसका विरोध नहीं कर रही है। वहां की एक दर्जन छोटी पार्टियां हैं, जिनमें से कई भाजपा के साथ हैं लेकिन किसी ने इसके विरोध में एक बयान जारी नहीं किया है। इसका कारण यह है कि तमिलनाडु में सनातन विरोध की पुरानी परंपरा रही है। परंतु पूरा देश अभी इस राजनीति के लिए तैयार नहीं है। देश के अलग अलग हिस्सों में अलग अलग तरह से इस राजनीति को आजमाने का प्रयास हो रहा है लेकिन अभी उसमें बड़ी कामयाबी नहीं हासिल हुई है।

इस बात को समझने के लिए पिछले एक साल में देश के अलग अलग राज्यों में शुरू हुए राजनीतिक विमर्श को देखने और समझने की जरूरत है। इस साल अप्रैल में कर्नाटक में कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में बजरंग दल पर पाबंदी लगाने की बात कही और भाजपा ने बजरंग दल को ही बजरंग बली बताते हुए कांग्रेस पर हमला शुरू किया। उसी समय बिहार में राज्य सरकार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने 'रामचरितमानस' का विरोध शुरू किया। मानस में पिछड़ी व दलित जातियों व स्त्रियों को लेकर जो कुछ लिखा गया है चंद्रशेखर ने उसका विरोध किया। ठीक उसी समय उत्तर प्रदेश में स्वामी प्रसाद मौर्य ने तुलसीदास और उनकी रचना 'रामचरितमानस' के खिलाफ मोर्चा खोला। उन्होंने इसे बदलने और इसमें महिलाओं, दलितों, पिछड़ों के लिए कही गई बातों को मिटाने की बात कही। चंद्रशेखर और स्वामी प्रसाद मौर्य को अपनी पार्टियों का खुला समर्थन नहीं मिला लेकिन उनका विरोध भी नहीं हुआ और न पार्टी के स्तर पर उनके खिलाफ कोई कार्रवाई हुई। अब उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म को लेकर जो कहा है वह चंद्रशेखर और स्वामी प्रसाद मौर्य के बयानों से जुड़ता है और उसका ही विस्तार प्रतीत होता है।

इनकी बातों को और गहराई से समझने के लिए यह जानना होगा कि सनातन का क्या मतलब है? सनातन का अर्थ है- सदा से। यानी जो चीज हमेशा रही है और हमेशा रहेगी, जो अजर-अमर है वह सनातन है- जैसे आत्मा। सनातन धर्म में आत्मा को अजर-अमर माना गया है और पुनर्जन्म को स्वीकार किया गया है। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि बौद्ध और जैन धर्म भी अपने को सनातन मानते हैं और आत्मा व पुनर्जन्म में विश्वास करते हैं। अब दूसरा सवाल यह है कि क्या सनातन और हिंदू एक ही हैं? कई विद्वानों ने इस सवाल का अपनी अपनी तरह से जवाब दिया है लेकिन सबसे सरल जवाब यह है कि व्यापक हिंदू समाज में सनातन एक हिस्सा है, जो उन तमाम परंपराओं और मान्यताओं में विश्वास करता है, जिन्हें आधुनिक समय की प्रवृत्तियों या आधुनिक समाज व्यवस्था में बुरा या अमानवीय माना जाता है। असल में 19वीं सदी में जब देश के अलग अलग हिस्सों में समाज सुधार के प्रयास शुरू हुए और स्त्री शिक्षा, विधवा विवाह, जाति उन्मूलन आदि बातें जोर पकड़ने लगीं तो हिंदुओं के अंदर एक समूह ने इसका विरोध किया। वे जाति प्रथा और पितृसत्तात्मक समाज व्यवस्था को बनाए रखने के पक्ष में थे। वे शुद्धता में विश्वास करते थे, जिसके लिए शाकाहार आवश्यक था। उन्होंने अपने को सनातन कहना शुरू किया। ध्यान रहे सनातन शब्द का इस्तेमाल भगवद्गीता में है लेकिन वेदों में इसका जिक्र नहीं मिलता है। बहरहाल, इसके थोड़े समय बाद यह धारणा भी जोर पकड़ने लगी कि हिंदू कहना भारत की अभिव्यक्ति नहीं है। बाहर से आए लोगों ने इस शब्द का इस्तेमाल किया इसलिए इसकी बजाय सनातन शब्द का इस्तेमाल किया जाए। लेकिन हकीकत यह है कि सनातन एक खास अर्थ में रूढ़ हो चुका शब्द है, जिसका विरोध उदयनिधि ने किया है या बिहार में चंद्रशेखर ने किया था या उत्तर प्रदेश में स्वामी प्रसाद मौर्य कर रहे हैं। इसका व्यापक हिंदू समाज या धर्म से प्रत्यक्ष संबंध नहीं है।

इसके बावजूद यह कहने में हिचक नहीं है कि धार्मिक, सामाजिक व राजनीतिक स्तर पर देश अभी सनातन के खिलाफ बहुत आक्रामक हमला स्वीकार करने को तैयार नहीं है। ध्यान रहे किसी भी विचार की सफलता तभी संभव है, जब व्यापक समाज उसे स्वीकार करने को तैयार हो। पुरानी कहावत है कि उस विचार को सफल होने से नहीं रोका जा सकता है, जिसका समय आ चुका हो। लेकिन समय से पहले अगर उस विचार को स्वीकार कराने के लिए जोर डाला जाएगा तो नुकसान हो सकता है। तमिलनाडु में समाज सुधार आंदोलनों को सफल होने में बहुत लंबा समय लगा है, जबकि उत्तर भारत में तो अभी इसकी शुरुआत हुई है। मंडल की राजनीति को इसका प्रस्थान बिंदु मान सकते हैं। लेकिन सरकारी नौकरियों और शिक्षण संस्थाओं में दाखिलों के अलावा विचार के स्तर पर मंडल की राजनीति आगे नहीं बढ़ी। उत्तर प्रदेश में कांशीराम ने बहुजन समाज पार्टी को एक आंदोलन के तौर पर शुरू किया था। अगर वे अड़े रहते तो शायद यह समय पहले आया होता। लेकिन सत्ता के लिए उनकी पार्टी ने पहले 'तिलक, तराजू और तलवार इनको मारो जूते चार' के नारे लगाए और उसके बाद 'हाथी नहीं गणेश है, ब्रह्मा, विष्णु महेश है' कहना शुरू कर दिया।

सो, करीब तीन दशक तक मंडल और दलित आंदोलन दोनों सत्ता की राजनीति में अटके रहे। अब धीरे धीरे उसके आगे बढ़ने का सिलसिला शुरू हुआ है। अपने अधिकार और अपनी गरिमा के लिए उन्होंने वैचारिक संघर्ष की जमीन तैयार करनी शुरू की है, जिसका प्रस्थान बिंदु 'रामचरितमानस' का विरोध है। यह अभी बिल्कुल शुरुआती स्थिति में है और उत्तर भारत या समूचे हिंदी पट्टी का पिछड़ा, दलित, आदिवासी इसके गूढ़-गंभीर पहलुओं को समझने के लिए तैयार नहीं है। वह देख रहा है, हो सकता है कि उसको अच्छा भी लग रहा हो लेकिन वह इसका हिस्सा नहीं बन रहा है। चूंकि उदयनिधि की पार्टी विपक्षी गठबंधन का हिस्सा है और उनके पिता एमके स्टालिन हर जगह 'इंडिया' की बैठक में प्रमुखता से मौजूद रहते हैं। इसलिए उदयनिधि का बयान देश के बड़े हिस्से में विपक्ष को नुकसान पहुंचा सकता है।

-अजीत द्विवेदी-

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

मानव-केंद्रित वैश्वीकरण

हमें जी 20 को दुनिया के अंतिम छोर तक ले जाना है,किसी को भी पीछे नहीं छोड़ना है

वसुधैव कुटुम्बकम-हमारी भारतीय संस्कृति के इन दो शब्दों में एक गहरा दार्शनिक विचार समाहित है। इसका अर्थ है, पूरी दुनिया एक परिवार है। यह एक ऐसा सर्वव्यापी दृष्टिकोण है जो हमें एक सार्वभौमिक परिवार के रूप में प्रगति करने के लिए प्रोत्साहित करता है। एक ऐसा परिवार जिसमें सीमा, भाषा और विचारधारा का कोई बंधन ना हो।

जी-20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान, यह विचार मानव-केंद्रित प्रगति के आह्वान के रूप में प्रकट हुआ है। हम एक पृथ्वी के रूप में, मानव जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक साथ आ रहे हैं। हम एक परिवार के रूप में विकास के लिए एक-दूसरे के सहयोगी बन रहे हैं। और एक भविष्य के लिए हम एक साझा उज्जवल भविष्य की ओर एक साथ आगे बढ़ रहे हैं।

कोरोना वैश्विक महामारी के बाद की विश्व व्यवस्था इससे पहले की दुनिया से बहुत अलग है। कई अन्य बातों के अलावा, तीन महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं।

पहला, इस बात का एहसास बढ़ रहा है कि दुनिया के जीडीपी-केंद्रित दृष्टिकोण से हटकर मानव-केंद्रित दृष्टिकोण की ओर बढ़ने की आवश्यकता है।

दूसरा, दुनिया ग्लोबल सप्लाई चेन में सुदृढ़ता और विश्वसनीयता के महत्व को पहचान रही है।

तीसरा, वैश्विक संस्थानों में सुधार के माध्यम से बहुपक्षवाद को बढ़ावा देने का सामूहिक आह्वान सामने है। जी-20 की हमारी अध्यक्षता ने इन बदलावों में उत्प्रेरक की भूमिका निभाई है।

दिसंबर 2022 में जब हमने इंडोनेशिया से अध्यक्षता का भार संभाला था, तब मैंने यह लिखा था कि जी-20 को मानसिकता में आमूल-चूल परिवर्तन का वाहक बनना चाहिए।

विकासशील देशों, ग्लोबल साउथ के देशों और अफ्रीकी देशों की हाशिए पर पड़ी आकांक्षाओं को मुख्यधारा में लाने के लिए इसकी विशेष आवश्यकता है।

इसी सोच के साथ भारत ने 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट' का भी आयोजन किया था। इस समिट में 125 देश भागीदार बने। यह भारत की अध्यक्षता के तहत की गई सबसे महत्वपूर्ण पहलों में से एक रही। यह ग्लोबल साउथ के देशों से उनके विचार, उनके अनुभव जानने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था। इसके अलावा, हमारी अध्यक्षता के तहत न केवल अफ्रीकी देशों की अबतक की सबसे बड़ी भागीदारी देखी गई है, बल्कि जी-20 के एक स्थायी सदस्य के रूप में अफ्रीकन यूनियन को शामिल करने पर भी जोर दिया गया है।

हमारी दुनिया परस्पर जुड़ी हुई है, इसका मतलब यह है कि विभिन्न क्षेत्रों में हमारी चुनौतियां भी आपस में जुड़ी हुई हैं। यह 2030 एजेंडा के मध्य

काल का वर्ष है और कई लोग चिंता जता रहे हैं कि सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के मुद्दे पर प्रगति पटरी से उतर गई है।

एसडीजी के मोर्चे पर तेजी लाने से संबंधित जी-20 2023 का एक्शन प्लान भविष्य की दिशा निर्धारित करेगा। इससे एसडीजी को हासिल करने का रास्ता तैयार होगा।

भारत में, प्राचीन काल से प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाकर आगे बढ़ना हमारा एक आदर्श रहा है और हम आधुनिक समय में भी क्लाइमेट एक्शन में अपना योगदान दे रहे हैं।

ग्लोबल साउथ के कई देश विकास के विभिन्न चरणों में हैं और इस दौरान क्लाइमेट एक्शन का ध्यान रखा जाना चाहिए। क्लाइमेट एक्शन की आकांक्षा के साथ हमें ये भी देखना होगा कि क्लाइमेट फाइनेंस और ट्रांसफर ऑफ टेक्नॉलजी का भी ख्याल रखा जाए।

हमारा मानना है कि जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने के लिए पाबंदियों वाले रवैये को बदलना चाहिए। 'क्या नहीं किया जाना चाहिए' से हटकर 'क्या किया जा सकता है' वाली सोच के साथ आगे बढ़ना होगा। हमें एक रचनात्मक कार्यसंस्कृति पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

एक टिकाऊ और सुदृढ़ ब्लू इकॉनमी के लिए चेन्नई एचएलपी हमारे महासागरों को स्वस्थ रखने में जुटी है। ग्रीन हाइड्रोजन इनोवेशन सेंटर के साथ, हमारी अध्यक्षता में स्वच्छ एवं ग्रीन हाइड्रोजन से संबंधित एक ग्लोबल इकोसिस्टम तैयार होगा।

वर्ष 2015 में, हमने इंटरनेशनल सोलर अलायंस का शुभारंभ किया था। अब, ग्लोबल बायोफ्यूल्स अलायंस के माध्यम से हम दुनिया को एनर्जी ट्रांजिशन के योग्य बनाने में सहयोग करेंगे। इससे सर्कुलर इकॉनमी का फायदा ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचेगा।

क्लाइमेट एक्शन को लोकतांत्रिक स्वरूप देना, इस आंदोलन को गति प्रदान करने का सबसे अच्छा तरीका है। जिस प्रकार लोग अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर रोजमर्रा के निर्णय लेते हैं, उसी प्रकार वे इस धरती की सेहत पर होने वाले असर को ध्यान में रखकर अपनी जीवनशैली तय कर सकते हैं। जैसे योग वैश्विक जन आंदोलन बन गया है, उसी तरह हम 'लाइफस्टाइल फॉर सस्टेनेबल इनवायरमेंट' को भी प्रोत्साहित कर रहे हैं।

जलवायु परिवर्तन के कारण, खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती होगी। इससे निपटने में मोटा अनाज या श्रीअन्न से बड़ी मदद मिल सकती है। श्रीअन्न क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर को भी बढ़ावा दे रहा है। इंटरनेशनल इयर ऑफ मिलेट्स के दौरान हमने श्रीअन्न को वैश्विक स्तर पर पहुंचाया है। द डेक्कन हाई लेवल प्रिंसिपल्स ऑन फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन से भी इस दिशा में सहायता मिल सकती है।

टेक्नॉलजी परिवर्तनकारी है लेकिन इसे समावेशी भी बनाने की जरूरत है। अतीत में, तकनीकी प्रगति का लाभ समाज के सभी वर्गों को समान रूप से नहीं मिला। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने दिखाया है कि कैसे टेक्नॉलजी का लाभ उठाकर असमानताओं को कम किया जा सकता है।

उदाहरण के लिए, दुनिया भर में अरबों लोग जिनके पास बैंकिंग सुविधा नहीं है, या जिनके पास डिजिटल पहचान नहीं है, उन्हें डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) के माध्यम से साथ लिया जा सकता है।

डीपीआई का उपयोग करके हमने जो परिणाम प्राप्त किए हैं, उन्हें पूरी दुनिया देख रही है, उसके महत्व को स्वीकार कर रही है। अब, जी-20 के माध्यम से हम विकासशील देशों को डीपीआई अपनाने, तैयार करने और उसका विस्तार करने में मदद करेंगे, ताकि वो समावेशी विकास की ताकत हासिल कर सकें।

भारत का सबसे तेज गति से बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाना कोई आकस्मिक घटना नहीं है। हमारे सरल, व्यावहारिक और सस्टेनेबल तरीकों ने कमजोर और वंचित लोगों को हमारी विकास यात्रा का नेतृत्व करने के लिए सशक्त बनाया है। अंतरिक्ष से लेकर खेल, अर्थव्यवस्था से लेकर उद्यमिता तक, भारतीय महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं। आज महिलाओं के विकास से आगे बढ़कर महिलाओं के नेतृत्व में विकास के मंत्र पर भारत आगे बढ़ रहा है। हमारी जी-20 प्रेसीडेंसी जेंडर डिजिटल डिवाइड को पाटने, लेबर फोर्स में भागीदारी के अंतर को कम करने और निर्णय लेने में महिलाओं की एक बड़ी भूमिका को सक्षम बनाने पर काम कर रही है।

भारत के लिए, जी-20 की अध्यक्षता केवल एक उच्च स्तरीय कूटनीतिक प्रयास नहीं है। मदर ऑफ डेमोक्रेसी और मॉडल ऑफ डाइवर्सिटी के रूप में हमने इस अनुभव के दरवाजे दुनिया के लिए खोल दिये हैं।

आज किसी काम को बड़े स्तर पर करने की बात आती है तो सहज ही भारत का नाम आ जाता है। जी-20 की अध्यक्षता भी इसका अपवाद नहीं है। यह भारत में एक जन आंदोलन बन गया है।

जी-20 प्रेसीडेंसी का हमारा कार्यकाल खत्म होने तक भारत के 60 शहरों में 200 से अधिक बैठकें आयोजित की जा चुकी होंगी। इस दौरान हम 125 देशों के लगभग 100,000 प्रतिनिधियों की मेजबानी कर चुके होंगे। किसी भी प्रेसीडेंसी ने कभी भी इतने विशाल और विविध भौगोलिक विस्तार को इस तरह से शामिल नहीं किया है।

भारत की डेमोग्राफी, डेमोक्रेसी, डाइवर्सिटी और डेवलपमेंट के बारे में किसी और से सुनना एक बात है और उसे प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करना बिल्कुल अलग है। मुझे विश्वास है कि हमारे जी-20 प्रतिनिधि इसे स्वयं महसूस करेंगे।

हमारी जी-20 अध्यक्षता विभाजन को पाटने, बाधाओं को दूर करने और सहयोग को गहरा करने का प्रयास करती है। हमारी भावना एक ऐसी दुनिया के निर्माण की है, जहां एकता हर मतभेद से ऊपर हो, जहां साझा लक्ष्य अलगाव की सोच को खत्म कर दे।

जी-20 अध्यक्ष के रूप में, हमने वैश्विक पटल को बड़ा बनाने का संकल्प लिया था, जिसमें यह सुनिश्चित किया गया कि हर आवाज सुनी जाए और हर देश अपना योगदान दे। मुझे विश्वास है कि हमने कार्यों और स्पष्ट परिणामों के साथ अपने संकल्प पूरे किये है।

-नरेंद्र मोदी-

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

किराया भुगातन व नवीनिकरण नहीं कराए जाने पर निगम ने की दुकान सीलबंद की कार्रवाई

- संवाददाता -
अंबिकापुर,08 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

नगर निगम द्वारा किराए पर दिए गए दुकानों का किराया भुगतान व नवीनीकरण नहीं कराए जाने पर निगम का राजस्व अमला द्वारा कार्रवाई शुरू कर दी गई है। शुक्रवार को नगर निगम आयुक्त के आदेश पर निगम का राजस्व विभाग ने प्रतिक्षा बस स्टैंड के समीप स्थित दुकान क्रमांक 9 के खिलाफ कार्रवाई की गई। दुकान संचालक द्वारा किराया का भुगातन नहीं करने व नवीनिकरण नहीं कराने पर सीलबंद की कार्रवाई की गई। इससे पूर्व आवंटित को निगम द्वारा नोटिस दिया गया था। पर कोई पहल नहीं करने पर निगम द्वारा कार्रवाई की गई है। इसी तरह निगम द्वारा आवंटितों द्वारा किराए भुगतान नहीं करने व नवीनिकरण नहीं कराने पर नोटिस दिया जा रहा है। यदि आबंटिती द्वारा दुकान किराया का भुगतान एवं अनुबंध नवीनीकरण नहीं कराया जाता है तो नियमानुसार निगम द्वारा दुकान को सील करने एवं आवंटन निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

कोरियर सर्विस के नाम पर डेढ़ लाख रुपए ठगी करने वाले दो आरोपी पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,08 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

कोरियर सर्विस के नाम पर एक व्यक्ति से डेढ़ लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी करे वाले दो आरोपी को पुलिस ने बंगाल से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार दिपक शर्मा पिता सीताराम शर्मा उम्र 56 वर्ष गांधीनगर थाना क्षेत्र के रावत रेसिटेंसी का रहने वाला है। 22 जनवरी 2023 को एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया था और कुरियर सर्विस के नाम पर कुरियर भेजने की बात बोलकर झांसे में लेकर गुगल लिंक के माध्यम से फार्म भरवाकर 23 से 25 जनवरी के बीच दिपक के खाते से डेढ़ लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी कर ली गई थी। पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराया था। पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना कर रही थी। विवेचना के दौरान साइबर सेल से तकनिकी जानकारी प्राप्त होने पर संयुक्त पुलिस टीम पश्चिम बंगाल भेजी गई थी। यहां पुलिस ने टीम ने घेराबंदी कर मो. नसीम उम्र 27 वर्ष निवासी बागड़ी पारा रोड बदरतला पश्चिम बंगाल व अनुराज राय पिता सुदामा राय उम्र 20 वर्ष निवासी टांगरा गोबिंदा खटिक रोड पश्चिम बंगाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो ऑनलाइन ठगी करने की बात स्वीकार की। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर अंबिकापुर लाकर दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। पुलिस ने अरोपियों के कब्जे से 2 नग मोबाइल एवं 2 नग सिम जब्त किया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक जॉन प्रदीप लकड़ा, उप निरीक्षक अश्विनी दीवान, प्रधान आरक्षक मनोज मालवीय प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, आरक्षक अनुज जायसवाल, देवेंद्र पाठक, वीरेंद्र पैकरा, विकास मिश्रा शामिल रहे।

लग्जरी कार से 85 किलो गांजा बरामद, मौके का फायदा उठाकर तस्कर फरार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,08 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस ने लग्जरी वाहन से 85 किलो गांजा जब्त किया है। वहीं पुलिस मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए। जब्त गांजे का किमत 16 लाख 40 हजार रुपए बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर आईजी अंकित गर्ग के सतत मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थो की खरीद फरोख्त पर प्रभावी नियंत्रण कर नशे के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस टीम को 7 सितंबर को मुखबीर सूचना प्राप्त हुई की एक लग्जरी वाहन में 2 संदिग्ध व्यक्ति भारी मात्र मे अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर शहर मे खपाने हेतु ला रहे हैं, मुखबीर सुचना पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए दरिमा मोड़ के पास पुलिस टीम तैनात किया गया था, आस-पास पुलिस टीम के होने की शंका पर दोनों संदिग्ध पहले ही कार रोककर मौके से झाडियों का सहारा लेकर फरार हो गए, पुलिस टीम द्वारा आरोपियों का पीछा किया गया लेकिन आरोपीगण मौके से फरार होने मे सफल रहे, तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा आरोपियों की कार की तलाशी लेने पर कुल 85 किलो 510 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया एवं उक्त वाहन को भी मौके से बरामद किया गया। प्रकरण मे सरगुजा पुलिस द्वारा आरोपियों की जल्द पहचान कर गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा हैं, जल्द ही आरोपी सरगुजा पुलिस की गिरफ्त मे होंगे, सम्पूर्ण मामले मे थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राजेश सिंह, बस स्टैंड प्रभारी सहायक उप निरीक्षक अभिषेक पाण्डेय, कृष्ण कुमार यादव, प्रधान आरक्षक छत्रपाल सिंह, विजय रवि, सियाराम मरावी, आरक्षक मंटू गुप्ता, विमल सिंह, रुपेश महंत, इदरीश खान, शिव राजवाड़े, कुंदन सिंह, चंचलेश सोनवानी, राजेश किंडो, प्रदीप सिंह, उम्मीद राम भगत, संजय कुजूर शामिल रहे।

मरीजों को फिजियोथेरेपी से मिलती है जल्द राहत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,08 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

फिजियोथेरेपी चिकित्सा विज्ञान की ऐसी विद्या है जिसमें बिना दवाई इलेक्ट्रिक और अल्ट्रासाउंड तरंगों तथा व्यायाम की मदद से उपचार किया जाता है।फिजियोथेरेपी न सिर्फ चोट,दर्द या ऑपरेशन के बाद की परिस्थियों में लाभ देता है बल्कि गर्भावस्था,कैंसर,गठिया लकवा, महिलाओं में पीसीओडी जैसे बीमारियों में कारगर है। नवापारा शहरी प्राथिमक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर आयोजित कार्यशाला में विशेषज्ञ चिकित्सको नेउक्त बातें कही।कीमोथेरेपी विशेषज्ञ डॉ हिमांशु जायसवाल ने बताया स्तन कैंसर की सर्जरी में हाथ की कुछ नसें कट जाती है। ऐसे में फिजियोथेरेपी के मदद से मरीज को जल्दी राहत मिलती है। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ सृष्टि पांडेय ने गर्भावस्था, पीसीओडी की बीमारियों में फिजियोथेरेपी की भूमिका की विस्तार से जानकारी दी।सीपीएम डॉ अमीन फिरदौसी ने नवापारा शहरी स्वस्थ्य केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने बताया यह छत्तीसगढ़ ही नहीं सम्भवत- देश का पहला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जहां कैंसर के लिए कीमोथेरेपी और फिजियोथेरेपी की सुविधा है। कांग्रेस प्रवक्ता आशीष वर्मा फिजियोथेरेपी से हुए लाभ के सम्बंध में अपना अनुभव साझा किया।कार्यक्रम का संचालन कर रही फिजियोथेरेपिस्ट डॉ सपना सोनी ने बताया जिला अस्पताल में वर्ष 2021-22 में चार हजार और 2023 में अबतक 3800 लोगों ने और नवापारा अस्पताल में 2023 में अबतक 3295 लोगो ने फिजियोथेरेपी के माध्यम से लाभ प्राप्त किया है।आभार प्रदर्शन नवापारा यू सी एच सी की फिजियोथेरेपिस्ट डॉ वंश कीर्ति ने किया।कार्यशाला पश्चात मरीजो को योगा मैट, डाइट चार्ट और बुजुर्गों के लिए व्यायाम सम्बन्धी पुस्तिका प्रदान किया गया।कार्यशाला को सफल बनाने में नवापारा स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ आयुष जायसवाल, सिकल सेल विभाग के नोडल डॉ श्रीकांत,शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ शीला नेताम, डीपीएम डॉ राम का सराहनीय योगदान रहा।

सूरजपुर पुलिस ने 706 लीटर अंग्रेजी शराब व टेबलेट किया जप्त

» एक विधि विरूद्ध संघर्षरत् बालक सहित 3 गिरफ्तार

शराब व नशीले टेबलेट के बैच नंबर से मामले के सरगना को सामने लाने का प्रयास क्यों नहीं ?

- ओंकार पांडेय-
सूरजपुर,08 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज अंकित गर्ग के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री आई कल्याण एलिसेला के मार्गदर्शन में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिले की पुलिस के द्वारा अंतरराज्यीय सीमा सहित जिले के सभी बार्डर में 24 घंटे लगातार चेकिंग की कार्यवाही की जा रही है तथा सजग सूरजपुर अभियान भी चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में दिनांक 07.09.23 के रात्रि में थाना रामानुजनगर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम मंहगई में 1 पिकअप वाहन में अवैध शराब होने की जानकारी मिली थी। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जहां पिकअप वाहन में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जप्त कर अपराध क्रमांक 159/23 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। जप्ती में मिला (1) गोवा अंग्रेजी शराब ग्रेजी शराब 706 लीटर 200 एमएल कुल 67 पेटी (3350 पाव), (2) ऑफिसर च्वाईस 2 पेटी (96 पाव) (3) मेगडावल नंबर 1 विस्की 3 पेटी (144 पाव) (4) केन बीयर माउस 5 पेटी (120 नग) कुल 77 पेटी अंग्रेजी शराब 706 लीटर 200 एमएल कुल कीमत 428980 रूपये तथा 1 नग पिकअप वाहन जप्त किया गया।

गिरफ्तार आरोपी विकास जायसवाल पिता राजेन्द्र प्रसाद उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम मंहगई, थाना रामानुजनगर है। वहीं दूसरे मामले में दिनांक 07.09.23 को मुखबीर से सूचना मिला कि 2 व्यक्ति मोटर सायकल में नशीली दवाई लेकर सूरजपुर से रामानुजनगर की ओर जा रहे है। जिन्हें ग्राम पस्ता में घेराबंदी कर पकड़ा गया, मामले में आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 168/23 धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। जप्ती- (1) स्पास्मो टेबलेट 3040 नग (2) अल्प्राजोलम टेबलेट 60 नग जिसकी बाजारू कीमत 40300 रूपये है तथा 1 मोटर सायकल भी जप्त किया गया है।

धराया आरोपी में जागेश्वर साहू उर्फ पप्पू पिता फुलचंद साहू उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम भुवनेश्वरपुर, थाना रामानुजनगर व दूसरा एक विधि विरूद्ध संघर्षरत् बालक है। कार्यवाही में शामिल पुलिस अधिकारी-कर्मचारी कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल व एसडीओपी प्रेमनगर एम्मानुएल लकड़ा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रामानुजनगर प्रकाश राठौर, एसआई मनी प्रसाद राजवाड़े, एएसआई मनोज सिंह, माधव सिंह, आरक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह, गणेष सिंह, अमलेश्वर सिंह, रूपदेव, धनंजय सिंह, कौशलेन्द्र सिंह, दीपक यादव, रामधारी सिंह सक्रिय रहे।

25 अगस्त से 8 सितंबर तक चलाए जा रहे नेत्रदान पखवाड़ा का समापन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,08 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के तहत भारत शासन के मंशानुरूप नेत्रदान के संग्रहण के लिए एवं नेत्रदान के प्रति जन जागरुकता हेतु प्रति वर्ष 25 अगस्त से 8 सितम्बर तक 38वीं नेत्रदान पखवाड़ा मनाया गया। 8 सितंबर को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सभा कक्ष में सप्ताह भर चले पखवाड़े का समापन व संगोष्ठी का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. रजत टोप्पों द्वारा नेत्र दान के जन जागरुकता हेतु किए गए गतिविधियों की जानकारी नेत्र सहायक अधिकारियों द्वारा विभिन्न स्कूलों एवं अपने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में किए गए कार्यो की जानकारी दी गई। पखवाड़े के दौरान नेत्र दान घोषणा पत्र की संख्या 244 जन जागरूकता के साथ-साथ नेत्र परीक्षण कर 202 बच्चों का चश्मा दिए जाने हेतु चिन्हांकित किए गए। बुजूर्गों को जांचे गये चश्मा की संख्या 332 साथ ही नोडल अधिकारी द्वारा नेत्र दान क्यों, कैसे संपर्क करे नेत्र दान की प्रकिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएन गुप्ता ने बताया कि हमारी देह के प्राण विहीन होने पर यदि हमारी आंखे किसी को दृष्टि सुख दे सकती है, तो इससे महान कार्य क्या हो सकता है। नेत्रदान का लें संकल्प दो नेत्रहीनों का करें कायाकल्प का स्लोगन देते हुए आगे कहा कि नोडल अधिकारी को अधिष्ठाता एवं संयुक्त सचालक मेडिकल कॉलेज अस्पताल से आपस में चर्चा कर नेत्र दान पर कार्यशाला करने की सलाह दी गई। ताकि नेत्र दान पर अधिक से अधिक उपलब्धि प्राप्त किया जा सके और नेत्र दान के प्रति लोगों में भ्रांतियों के बारे में भी चर्चा किया गया। डॉ. जेके रेलवानी सिविल सर्जन अस्पताल अधीक्षक, एवं डॉ. पुष्पेन्द्र राम जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने बताया कि मृत्यु उपरांत नेत्रदान हेतु लोगों को जागरूक करना है। श्रीलंका में मृत्यु उपरांत नेत्रदान करना अनिवार्य है, वंहा सभी लोगों को नेत्रदान किया जाना सरकार द्वारा अनिवार्य घोषित किया जो अन्य देशों को कॉर्नियल प्रत्यारोपण हेतु नेत्र मुहैया कराता है। हमारे देश में भी इसे अपनाते हुए अनिवार्य किया जाना चाहिए। जिससे बहुतायत में नेत्र प्राप्त हो सके। जिसका उपयोग कॉर्निया से पीड़ित अंधत्व को मिटाने के लिए एवं अनुसंधान में काम आ सके। उन्होने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने की अपील की गई। कार्यक्रम का संचालन सीसी अब्राहम, नेत्र सहायक अधिकारी द्वारा किया गया। वहीं आरके घृतकर नेत्र सहायक अधिकरी आभार व्यक्त किया गया।

आरटीई राशि का भुगतान नहीं होने से प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट परेशान

- संवाददाता -
सूरजपुर,08 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसियेशन ने जिला शिक्ष अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर आरटीई राशि का लंबित भुगतान व अन्य मांगों को शासन द्वारा ने में जाने के कारण 5 सितंबर को जिले का समस्त स्कूलों का संचालन स्थगित रखा गया और इसकी जानकर डीईओ को दी गई। शिक्षक दिवस के दिन प्रदेश संगठन के द्वारा निजी विद्यालयों की राशि भुगतान में काफी देरी होने मांगों को लेकर शासन के पास विरोध दर्ज कराने का फैसला लिया गया था जिसम समर्थन करती है. सुरजपुर जिले के समस्त स्कूलों का संचालनात बंद रखी गई। शिक्षक दिवस के अवसर पर किसी भी प्रकार का शिक्षक सम्मान या कार्यक्रम नहीं किया गया। क्योंकि 25 प्रतिशत राशि शासन अपने पास 4 वर्षो से रखी है। ऐसे में शिक्षक को समय पर वेतन नहीं मिल पा रहा है। एसे में सम्मान देकर उन्हें सम्मानित नहीं बल्कि अपमानित करने जैसे होगा। इस लिए शिक्षक दिवस पर जिले के निजी समस्त शिक्षक के नीतियों से आहत होकर विद्यालय काला पट्टी लगाकर सांकेतिक रूप से अपनी पीड़ा को शासन तक पहुंचाने का प्रयास किया पर मामले के निराकरण व लाभान्वित बच्चों के भविष्य को नजरअंदाज किया जा रहा है। जिसके समाधान की मांग जिला प्रशासन

शासकीय हाई स्कूल देवीटीकरा में साईकल वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अंबिकापुर,08 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

शासकीय हाई स्कूल देवीटीकरा (संकुल- देवीटीकरा)लखनपुर(छ. ग.) में शासन की महत्वकांक्षी योजना साईकल वितरण योजना का कार्यक्रम श्रीमती सरला सिंह(जिला सदस्य), श्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह (स्काउट गाईड के उपायुक्त)की अध्यछता में की गई । साथ ही मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मानव शृंखला बनाकर लोगो को मतदान के लिए प्रेरित किंया गया साथ ही स्वछता पखवाड़ा के तहत संकुल समन्यवक राजेश कुमार उपाध्याय के द्वारा शपथ दिलाया गया,आभार प्रदर्शन जे पी चोबे(संकुल प्राचार्य) के द्वारा किया गया 7 जिसमें प्रतिनिधिदेवश्री सिंह, सरपंच श्रीमती मथुरा सिंह(सरपंच), सचिव,सहित अन्य गड़मान्य नागरिक,शाला के समस्त शिक्षक,शिक्षकओ की उपस्थिति में किया गया।

नील फलेंडर को राष्ट्रीय स्तर के किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में मिला सिल्वर मेडल

- संवाददाता -
अंबिकापुर,08 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

किकबॉक्सिंग के क्षेत्र में अपना नाम आगे बढ़ा रहे नगर के कार्मेल स्कूल में कक्षा नवमी के छात्र नील फलेंडर ने राष्ट्रीय स्तर पर किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल हासिल किया है। नील ने इससे पहले जिला स्तर पर खेलते हुए गोल्ड मेडल वह राज्य स्तर पर खेलते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया था। शहर के फूल आनंदम योद्धा क्लब स्थित किकबॉक्सिंग इंस्टीट्यूट में नील को सर्वर एक्का कोच कर रहे हैं। नील नगर के दर्रीपारा निवासी स्वर्गीय नीरज राज फलेंडर व मां रितु एन फलेंडर के पुत्र हैं। नेशनल स्तर पर इस सफलता से पूरा परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। कार्मेल स्कूल की प्राचार्य सिस्टर जीवा ने नील को इस सफलता के लिए बधाई दी।

भारत-नेपाल संबंधों पर चीनी राजदूत की टिप्पणी पर सांसदों ने जताई चिंता;विदेश मंत्रालय से मांगी सफाई

काठमांडू,08 सितम्बर 2023 । नेपाल के सांसदों ने हिमालयी देश और भारत के बीच व्यापार के संबंध में चीनी राजदूत द्वारा की गई विवादास्पद टिप्पणी पर शुक्रवार को चिंता जताई। उन्होंने राजदूत को साफतौर पर चेतावनी दी कि वे अन्य देशों के संवेदनशील मामलों पर टिप्पणी करते समय अधिक सावधान रहें।

चीनी राजदूत ने अपने विवादित बयान में क्या कहा

काठमांडू में फाउंडेशन फॉर ट्रांस-हिमालयन रिसर्च एंड स्टडीज और फ्रेंड्स ऑफ सिल्क रोड क्लब नेपाल द्वारा शनिवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसका विषय वैश्विक अर्थव्यवस्था में चीन और नेपाल पर इसका प्रभाव रखा गया था। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेपाल में चीन के राजदूत चेन सोंग ने दावा किया कि नेपाल, भारत के साथ बिजली के व्यापार से व्यापार घाटे का सामना कर रहा है।

चेन ने कहा, दुर्भाग्यवश आपके पास भारत जैसा पड़ोसी है, जिसमें अपार संभावनाएं हैं जिनका आप लाभ उठा सकते हैं। लेकिन, नेपाल और अन्य पड़ोसियों के प्रति भारत की नीति इतनी अनुकूल नहीं है और नेपाल के लिए इतनी फायदेमंद नहीं है। इसलिए हम उसे बाधाओं की नीति कहते हैं।

संसदीय समिति ने चीनी राजदूत की टिप्पणी की जांच करने को कहा

शुक्रवार को नेपाल के सांसदों ने चीनी राजदूत की टिप्पणी पर निराशा जताई है। संसदीय समिति ने कथित तौर पर विदेश मंत्रालय से नेपाल-भारत बिजली व्यापार के मुद्दे पर राजदूत चेन की टिप्पणी की जांच करने के लिए कहा है। आज संसद की अंतरराष्ट्रीय संबंध एवं पर्यटन समिति की बैठक हुई जिसमें विदेश मंत्री एनपी सऊद को मामले की जांच के लिए तलब किया गया। समिति के सदस्यों ने चेन की हालिया टिप्पणी पर चिंता जताई।

संसद सूत्रों के मुताबिक, समिति के अध्यक्ष राजकिशोर यादव ने विदेश मंत्रालय से मामले की जांच करने और राजदूत से इस तरह के संवेदनशील मुद्दे पर टिप्पणी करते समय सावधानी बरतने के लिए कहने का आग्रह किया। यादव ने कहा,नेपाल एक संप्रभु देश है, इसलिए यह हमारा काम है कि हम क्या करते हैं और क्या नहीं।

प्रतिबद्धः माधव कुमार नेपाल

नेपाल गुटनिरपेक्ष नीति के लिए

बैठक में नेकपा (एकीकृत समाजवादी) के प्रमुख माधव कुमार नेपाल ने कहा कि राजदूतों को नेपाल की भू-राजनीतिक स्थिति को लेकर संवेदनशील होना चाहिए। उन्होंने चीनी राजदूत का सीधे नाम लिए बिना कहा कि हर किसी को सावधान रहना चाहिए ताकि किसी की अभिव्यक्ति नेपाल की भू-राजनीतिक जटिलताओं को न बढ़ाए। उन्होंने कहा, %भू-राजनीतिक संवेदनशीलता को जाने बिना और इस तथ्य को समझे बिना कि नेपाल गुटनिरपेक्ष विदेश नीति के लिए प्रतिबद्ध है, किसी को भी आहत करने वाली टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। सतर्क रहें और नेपाल को मुश्किल परिस्थितियों से दूर रखें।

विदेश मंत्रालय के स्पष्टीकरण के बाद सामने रखेंगे रुखः भीम आचार्य

नेपाल कम्युनिष्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के सांसद भीम आचार्य ने कहा, नेपाल के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करना किसी भी देश के लिए अच्छा नहीं है। उन्होंने कहा, चीनी राजदूत की टिप्पणी पर विदेश मंत्रालय द्वारा स्पष्टीकरण दिए जाने के बाद ही उनकी पार्टी अपना रुख सामने रखेगी।

आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करना अनुचित अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिः नेकपा-माओवादी केंद्र

इसी तरह नेकपा-माओवादी केंद्र के सांसद बरशमन पुन ने कहा कि नेपाल के आंतरिक मामलों पर तीसरे पक्ष के टिप्पणी करने की परंपरा को जारी नहीं रहने दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, दूसरों के घरेलू मामलों पर टिप्पणी करना अनुचित अंतरराष्ट्रीय कूटनीति है। विदेश मंत्रालय को इस मामले में चीनी राजदूत को सतर्क करने की पहल करनी चाहिए।

मित्र देशों के बीच दुश्मनी पैदा करने की हो रही कोशिशः जनता पार्टी

जनता पार्टी के उपाध्यक्ष अब्दुल खान ने कहा कि चीनी राजदूत को नेपाल और भारत के बीच संबंधों के बारे में बोलने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने राजदूत चेन से उनकी टिप्पणी के संबंध में स्पष्टीकरण भी मांगा। प्रतिनिधि सभा की बैठक के शून्यकाल में शुक्रवार को उन्होंने कहा,लंबे समय से मित्र देशों नेपाल और भारत के बीच दुश्मनी पैदा करने की कोशिश की जा रही है।

बांग्लादेशी पीएम शेख हसीना के साथ उनकी बेटी भी आएंगी भारत

ढाका,08 सितम्बर 2023 । बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए भारत दौरे पर आ रही हैं। खास बात ये है कि उनके साथ उनकी बेटी साइमा वाजेद भी दिल्ली आ रही हैं। माना जा रहा है कि लॉबी करने के लिए साइमा वाजेद दिल्ली आ रही हैं। दरअसल साइमा वाजेद, विश्व स्वास्थ्य संगठन के दक्षिण पूर्वी एशिया क्षेत्र की क्षेत्रीय निदेशक पद के लिए दावेदारी पेश कर रही हैं। ऐसे में समर्थन जुटाने के लिए शेख हसीना के साथ उनकी बेटी साइमा वाजेद भी भारत का दौरा कर रही हैं।

पहली बार आधिकारिक दौरे पर भारत आ रहीं साइमा वाजेद

बांग्लादेश विदेश मंत्रालय के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि जी20 सम्मेलन के दौरान साइमा वाजेद नई दिल्ली में मौजूद रहेंगी। यह पहली बार है कि साइमा वाजेद अपनी मां और बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना के साथ किसी आधिकारिक दौरे पर भारत आ रही हैं। वाजेद एक ऑटिज्म विशेषज्ञ हैं और वह विश्व स्वास्थ्य संगठन के दक्षिण पूर्व एशिया की क्षेत्रीय निदेशक के पद पर चुनाव लड़ रही हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि अपने पक्ष में देशों का समर्थन जुटाने के लिए साइमा वाजेद भारत का दौरा कर रही हैं। इससे पहले आसियान देशों के सम्मेलन में भी बांग्लादेशी राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन के साथ साइमा वाजेद ने इंडोनेशिया का दौरा किया था।

भारत के लिए परेशानी

विश्व स्वास्थ्य संगठन के दक्षिण पूर्वी क्षेत्रीय निदेशक के चुनाव में बांग्लादेश की साइमा वाजेद का मुकाबला नेपाल के शंभु प्रसाद आचार्य के साथ है। चूंकि भारत के बांग्लादेश और नेपाल, दोनों के साथ ही बहुत अच्छे संबंध हैं, ऐसे में किसी एक देश के नेता को चुनना भारत के लिए भी मुश्किल है। साइमा वाजेद ने अभी तक राजनीति में आने के संकेत नहीं दिए हैं लेकिन जिस तरह से वह अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में शीर्ष पदों पर काम करने में दिलचस्पी ले रही हैं, ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि वह देर-सबेर राजनीति में एंट्री कर सकती हैं।

पाकिस्तान में पुलिस ही कर रही अहमदी पूजा स्थलों को नष्ट,लाहौर हाईकोर्ट के आदेश की हो रही अवहेलना

लाहौर,08 सितम्बर 2023। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पुलिस ने शुक्रवार को अहमदी समुदाय के एक पूजा स्थल के मेहराब को नष्ट कर दिया। इससे पहले 1984 से पहले बने अल्पसंख्यक समुदाय के पूजा स्थलों के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई पर प्रतिबंध लगाने को लेकर लौहार हाईकोर्ट आदेश दे चुका है, इसके बावजूद यह कार्रवाईयां जारी हैं।

जमात-ए-अहमदिया पाकिस्तान के अधिकारी अमीर महमूद ने शुक्रवार को बताया कि लाहौर पुलिस ने शाहदरा टाउन में सड़क को दोनों ओर से अवरुद्ध कर दिया और वहां एक पूजा स्थल के मेहराब को ध्वस्त करने के लिए श्रमिकों को तैनात किया। उन्होंने कहा कि लगभग 20 पुलिसकर्मी लाहौर के शाहदरा टाउन में अहमदिया पूजा स्थल पर पहुंचे, और मांग की कि अहमदी स्वयं वहां के मेहराबों को ध्वस्त कर दें, या पुलिस ऐसा करेगी।

अमीर महमूद ने कहा कि हमने पुलिस को लाहौर उच्च न्यायालय के फैसले के बारे में सूचित किया कि

अहमदी समुदाय के पूजा स्थल, जो 1984 के कानून से पहले बनाए गए थे, को ध्वस्त नहीं किया जाना चाहिए या उनमें बदलाव नहीं किया जाना चाहिए।

पुलिस के अनुसार, शहर के अहमदी समुदाय को पूजा स्थलों के मेहराब को ध्वस्त करने के लिए कहा गया था क्योंकि इससे क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति पैदा हो रही थी। पुलिस ने कहा कि अनुपालन न करने पर मेहराब को ध्वस्त कर दिया गया। अगस्त में, देश में 10 अहमदी पूजा स्थलों पर हमला हुआ, जिसमें या तो उनकी मीनारें, मेहराब या पवित्र लेख ध्वस्त कर दिए गए या हटा दिए गए।

तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के कट्टरपंथी इस्लामवादी कथित तौर पर अहमदियों के खिलाफ नफरत फैलाने और उनके पूजा स्थलों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की मांग करने में सबसे आगे हैं।

अहमदी समुदाय का कहना है कि पुलिस के लिए अल्पसंख्यक समुदाय पर उनकी सुरक्षा करने के बजाय उनके पूजा स्थलों को अपवित्र करने के लिए दबाव डालना आम बात हो गई है। उनका कहना है कि पुलिस की कार्रवाई से चरमपंथी तत्वों की मंशा पूरी होती है।

नाव और सैन्य शिविर पर आतंकी हमला,49 नागरिकों और 15 सैनिकों की मौत

बमाको,08 सितंबर 2023। पश्चिम अफ्रीकी देश माली में हुए दोहरे आतंकवादी हमले में कम से कम 49 नागरिक और 15 सैनिक की मौत हो गई है। माली सरकार ने बताया है कि इस्लाम और मुसलमानों का समर्थन करने वाले समूह (जीएसआईएम) ने दावा किया है कि दोनों हमले उसने किए है। उसने नाव टॉमबौक्टू' के यात्रियों और गाओ क्षेत्र में मालियन सशस्त्र बल (एफएएमए) के एक सैन्य शिविर को निशाना बनाया है। बयान में कहा गया कि इस दोहरे हमले के जवाब में हमारे बहादुर एफएएमए की संयुक्त हवाई-जमीन कार्रवाई ने करीब 50 आतंकवादी मारे गए। उन्होंने कहा कि सभी यात्रियों को निकालने और स्थानों को सुरक्षित करने की तत्काल व्यवस्था की गई।

जी 20:उम्मीद है भू-राजनीतिक विवादों को खत्म करने के लिए हरसंभव कदम उठाएगा भारत,यूएन महासचिव ने जताई उम्मीद

जकार्ता,08 सितम्बर 2023 । संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटारेस ने कहा कि भारत जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई है कि भारत यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगा कि मौजूदा भू-राजनीतिक विवादों को दूर किया जाए और विश्व नेताओं की महत्वपूर्ण बैठक संभावित परिणामों के साथ पूरी हो सके।

दो दिन होगा सम्मेलन

गौरतलब है, भारत इस साल जी-20 देशों की अध्यक्षता कर रहा है। ऐसे में नौ और 10 सितंबर को होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन सहित कई देशों के नेताओं का दिल्ली में जमावड़ा होगा। गुटारेस भी इस सम्मेलन में भाग लेंगे। हालांकि, वहीं रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग शिखर

सम्मेलन में शामिल नहीं हो रहे हैं।

भारत हर संभव प्रयास करेगा...

गुटारेस ने जकार्ता में 13वें आसियान-संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन में भाग लेते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि भारत यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगा कि मौजूदा भू-राजनीतिक विवादों को दूर किया जाए और जी-20 संभावित परिणामों के साथ संपन्न हो सके। दरअसल, वह जी-20 मेजबान के रूप में भारत से उनकी अपेक्षाओं के साथ-साथ अफ्रीकी संघ को दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के समूह में लाने के लिए नई दिल्ली के समर्थन पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे।

पिछले साल संभाली थी जी-20 अध्यक्षता

भारत को पिछले साल दिसंबर में जी-20 की अध्यक्षता सौंपी गई थी। अब दिल्ली में नेताओं का शिखर सम्मेलन कई भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच हो रहा है। इन चुनौतियों में यूक्रेन युद्ध, कोविड-19 महामारी का प्रभाव, आर्थिक मंदी, बिगड़ती जलवायु, बढ़ती गरीबी और असमानताएं शामिल हैं।

यह हैं अहम मुद्दे

गुटारेस ने कहा कि चूंकि मैं जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग ले रहा हूं, इसलिए कुछ सवाल हैं जो मेरे लिए जरूरी होंगे। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संरचनाओं को आज की दुनिया की जरूरतों के अनुकूल बनाने के लिए सम्मेलन में सुधार के बारे में एक स्पष्ट संदेश देना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने आगे कहा कि एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू ऋण राहत है, जिससे विकासशील देशों को कोविड-19, यूक्रेन में युद्ध और कई अन्य स्थितियों के प्रभावों से उबरने में सक्षम बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि कई देशों को ऐसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें उनके पास अपने लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए राजकोषीय गुंजाइश नहीं है।

बिगड़ती जलवायु पर काम करना जरूरी

उन्होंने कहा कि इन सबके साथ ही मुझे स्पष्ट रूप से उभरती अर्थव्यवस्थाओं और विकसित देशों को देखने में बहुत दिलचस्पी होगी, जो जी-20 में एकत्रित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम एक विनाशकारी जलवायु स्थिति का सामना कर रहे हैं और विकासशील देशों को अनुकूलन बनाने के लिए जलवायु कार्रवाई के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की महत्वाकांक्षा का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह भी देखना दिलचस्प रहेगा कि सम्मेलन के दौरान सभी देश उत्सर्जन को कम करने के लिए बढ़ती महत्वाकांक्षा के लिए एकजुट दृष्टिकोण में आने में सक्षम हो सकें।

कराची में प्रसिद्ध अचार लोगों को सच्चा जीवनसाथी ढूंढने में कर रहा मदद,जानें दुकान के मालिक का दावा

कराची,08 सितम्बर 2023। पाकिस्तान के सबसे पुराने शहर कराची में एक अचार की दुकान काफी प्रसिद्ध है, जिसको लोग रिश्ता का अचार कहते हैं और यह लोगों को सच्चा जीवनसाथी ढूंढने में मदद कर रहा है। इस अचार के बारे में बताया जाता है यह अचार खाने से शादी के रिश्ते हो जाते हैं। दुकान मालिक ताहिर का रिश्ता का अचार कराची शहर में प्रसिद्ध है और उन्हें कई ग्राहक मिलते हैं, जिनमें मुख्य रूप से युवा लड़कियां, महिलाएं यहां तक कि युवा पुरुष भी शामिल हैं जो शादी का सही प्रस्ताव ढूंढने के लिए अचार का स्वाद चखने आते हैं।

ताहिर का कहना है कि उनका रिश्ता का अचार भारत में भी प्रसिद्ध है और कई हैदराबादी मंच और टेलीविजन नाटकों में इसका उल्लेख किया गया है। उन्होंने बताया कि उनके बुजुर्गों का कहना है कि अगर

कोई आपको प्यार और विश्वास के साथ एक चम्मच अचार खिलाएगा तो आपको शादी का अच्छा प्रस्ताव मिलेगा।ताहिर ने याद करते हुए कहा कि मेरे साथ काम करने वाले मेरे एक चचेरे भाई को शादी का सही प्रस्ताव नहीं मिल रहा था, लेकिन जब उसने मेरे हाथों से एक चम्मच अचार खाया तो कुछ ही महीनों में उसकी शादी हो गई और वह अब भी खुशहाल शादीशुदा जिंदगी बिता रहा है।

ताहिर की दादी विभाजन के बाद अपने परिवार के साथ भारत के हैदराबाद से कराची चली गईं ।

जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए पहुंचे ऋषि सुनक,कहा-दामाद के रूप में भारत आना बेहद खास

लंदन,08 सितम्बर 2023 । ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने मजाकिया अंदाज में कहा कि भारत के दामाद के रूप में जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में शामिल होना वाकई खास है। बता दें, सुनक ने इंफोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति की बेटी अक्षता मूर्ति से शादी की है।

दो दिन लगेगा विदेशी नेताओं का जमावड़ा

गौरतलब है, भारत इस साल जी-20 देशों की अध्यक्षता कर रहा है। ऐसे में नौ और 10 सितंबर को होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन सहित कई देशों के नेताओं का दिल्ली में जमावड़ा होगा। इस सम्मेलन का हिस्सा बनने के लिए 43 वर्षीय ब्रिटिश भारतीय नेता सुनक अपनी पत्नी के साथ शुक्रवार को दिल्ली पहुंचे।

मेरे दिल के करीब

उन्होंने अपने साथ यात्रा कर रहे पत्रकारों से कहा कि भारत जाने के लिए उत्साहित हूं। उन्होंने कहा कि वह एक ऐसा देश है, जो मेरे दिल के बहुत करीब है। हालांकि, कुछ सालों से मैं वापस नहीं जा पाया हूं। उन्होंने कहा कि पहले आमतौर पर हर साल फरवरी में परिवार के साथ भारत चला जाता था, लेकिन 2020

में चांसलर बनने के बाद समय के अभाव में नहीं जा सका।

उन्होंने आगे कहा कि मैंने कहीं देखा कि मुझे भारत का दामाद कहा जाता है। मुझे उम्मीद है कि यह प्यार से कहा गया होगा। उन्होंने कहा कि मैं वापस भारत आने के लिए उत्साहित हूं। अक्षता का भी मेरे साथ होना अच्छा है।

इन मुद्दों पर चर्चा

वहीं, सुनक ने तीन दिवसीय दौरे पर निकलते हुए ट्वीट किया था कि मैं स्पष्ट मुद्दों के साथ जी-20 शिखर सम्मेलन में जा रहा हूं। इनमें वैश्विक अर्थव्यवस्था को स्थिर करना, अंतरराष्ट्रीय संबंधों का निर्माण करना तथा सबसे कमजोर लोगों का समर्थन करना शामिल है।

पुतिन फिर छिपा रहे चेहरा

बता दें, शिखर वार्ता के दौरान ब्रिटेन के एजेंडे में रूस-यूक्रेन युद्ध को एक प्रमुख विषय के रूप में चिह्नित किया गया है। उन्होंने जी-20 कार्यक्रम में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के शामिल नहीं होने पर कहा कि वह एक बार फिर अपना चेहरा छिपा रहे हैं। वह खुद को सबसे अलग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वहीं जी-20 के बाकी सदस्य पुतिन के खिलाफ होने के लिए एकजुट होंगे।

वैश्विक समर्थन को भी बढ़ावा

सुनक के एक प्रवक्ता ने कहा कि ब्रिटेन यूक्रेन के लिए अपना समर्थन दिखाने के लिए हर अवसर का उपयोग करेगा और साथ ही वैश्विक समर्थन को भी बढ़ावा देगा।

चीन के शेन्जेन शहर में हो रही बारिश ने तोड़ा 71 साल का रिकार्ड

शेन्ज़ेन,08 सितंबर 2023। चीन में गुआंग्डोंग प्रांत के शेन्ज़ेन शहर में हो रही मूसलाधार बारिश ने 71 साल पुराने रिकार्ड को तोड़ दिया है।

नगरपालिका मौसम विज्ञान ब्यूरो ने आज यहां बताया कि शेन्जेन शहर में शाम पांच बजे से शुक्रवार सुबह छह बजे तक औसत वर्षा 202.8 मिमी और अधिकतम संचयी बारिश 469 मिमी तक दर्ज की गई है।

ब्यूरो ने बताया कि शहर में हो रही यह बारिश अत्यधिक तेजी, लंबे समय और मूसलाधार बारिश की विस्तृत श्रृंखला है।

जब पूरी प्रक्रिया ही शिक्षक पदोन्नति पोस्टिंग की नियम विरुद्ध थी

तो फिर सिर्फ संशोधन लिस्ट को ही निरस्त क्यों किया गया?

आखिर पूरी पदोन्नति प्रक्रिया को निरस्त क्यों नहीं किया गया?...कही कुछ शिक्षकों को बचाने का प्रयास तो नहीं?

शिक्षक प्रमोशन में पैसों का खेल,राज्य शासन ने आदेश जारी कर संशोधन किया निरस्त

राज्य शासन की मंशा के परे सरगुजा संभाग में अभी भी जारी है शिक्षक पदोन्नति मामले में भ्रष्टाचार

संशोधन निरस्तीकरण के लिए जारी आदेश में कई शिक्षकों के नाम गायब

लगभग 500 से अधिक शिक्षक जिनका पदस्थापना आदेश हुआ था संशोधित,निरस्तीकरण सूची से कैसे हुआ गायब?

निरस्तीकरण से नाम गायब कर लेनदेन के रूपयों को पचाने की मंशा से तो नही किया गया यह कृत्य?

रुपयों के लेनदेन से भ्रष्टाचार कर मनमाना पदस्थापना प्राप्त शिक्षक, आदेश निरस्तीकरण उपरांत तगादे के लिए लगा रहे चक्कर

शिक्षक पदोन्नति पोस्टिंग संशोधन सूची पर लगा ग्रहण! पूरी प्रक्रिया ही शिक्षक पदोन्नति पोस्टिंग की नियम विरोध थी पर सिर्फ संशोधन लिस्ट को ही किया जा रहा निरस्त।



-रवि सिंह-

अम्बिकापुर/बैकुण्ठपुर,08 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)। शिक्षक प्रमोशन घोटाला, अपने आप में एक अनोखा तरह का घोटाला था, शिक्षक प्रमोशन घोटाला में पूरी पदोन्नति प्रक्रिया ही नियम विरुद्ध तरीके से देखी जा रही थी,जो नियम विरुद्ध तरीके से हुआ था फिर इसके बावजूद पूरी प्रक्रिया को निरस्त करने के बजाय सिर्फ प्रमोशन संशोधित सूची को ही निरस्त क्यों किया गया? उसमें भी कुछ लोगों का नाम लिस्ट से गायब हो गया, अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब पूरी प्रक्रिया ही दोषपूर्ण थी तो फिर संशोधन लिस्ट ही क्यों निरस्त किया गया? जबकि पूरी पदोन्नति पोस्टिंग प्रक्रिया को ही को ही निरस्त किया जाना था।

ज्ञात हो की जिसके चक्कर में राज्य के तत्कालीन शिक्षा मंत्री समेत चार संभागों के संयुक्त संचालक, कई जिलाशिक्षा अधिकारी एवं संयुक्त संचालक कार्यालय में पदस्थ कई बाबू वर्तमान में निलंबित हैं। संभवत इसी घोटाले के कारण तत्कालीन शिक्षा मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह से मंत्रालय भी ले लिया गया। इसके बाद वर्तमान शिक्षा मंत्री श्री रविंद्र चौबे द्वारा चार संभाग में हुए शिक्षक प्रमोशन उपरांत पदस्थापना में घोटाले के लिए कमिश्नर स्तर के जांच टीम बनाई गई, जिसमें स्थानीय जिलों के कलेक्टरों को भी शामिल किया गया। सूक्ष्मता से जांच में बड़े पैमाने पर पदस्थापना में घोटाला पाया गया, जिसमें पैसों का लेनदेन कर वरिष्ठ शिक्षकों की अपेक्षा कनिष्ठ शिक्षकों को मनमानी पदोन्नति पर स्थापना दी गई। इसके अलावा पदोन्नति उपरांत पदस्थापना के लिए राज्य शासन के गाइडलाइन का पालन न होना पाया गया। जिसका परिणाम यह हुआ की करोड़ों के लेनदेन के चक्कर में राज्य के कई विद्यालय या तो शिक्षक विहीन हो गए या तो एकल शिक्षकिए हो गए। घोटाले की जांच उपरांत राज्य सरकार ने बड़ी कार्यवाही करते हुए शिक्षक प्रमोशन के बाद वे सभी पदस्थापना आदेश जो संशोधित किए गए थे, उन्हें एक मुश्त निरस्त करते हुए आदेश जारी किया कि पूर्व पद स्थापना में 10 दिवस के भीतर यदि उपस्थित दर्ज कर कार्यभार ग्रहण नहीं किया जाता है तो पदोन्नति स्वयमेव निरस्त हो जावेगी। इस संदर्भ में विगत 29 अगस्त को राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में कैवियेट भी दाखिल कर दिया है। उसके बाद 4 सितंबर को शिक्षक दिवस के पूर्व चारों संभागों में संशोधन निरस्तीकरण के लिए स्पष्ट आदेश जारी कर दिया। राज्य शासन द्वारा जारी पांच पन्नों के इस आदेश में मामले का पूरा विवरण देते हुए समस्त संशोधनों को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। जिसके परिपालन में विगत 5 सितंबर को सरगुजा संयुक्त संभागीय कार्यालय से संशोधित किए गए शिक्षकों के नाम सहित आदेश जारी किया गया एवं समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि व्यक्तिगत रूप से इस आदेश की तामिल कराकर संबंधित शिक्षकों को पूर्व के पदस्थापना स्थल पर भेजने की कार्यवाही की जाए। संयुक्त संचालक सरगुजा द्वारा जारी इस सूची में 385 शिक्षकों का नाम उल्लेखित है, जिनके वर्तमान पदस्थापना आदेश को निरस्त किया गया है।

अब मेडिकल लेकर सभी संशोधन निरस्तीकरण वाले शिक्षक निकले न्यायालय की शरण ढूंढने

अब जिनका संशोधन दोषपूर्ण मानकर स्कूल शिक्षा विभाग ने उनका संशोधन निरस्त किया है वह अब मेडिकल लेकर न्यायालय की शरण ढूंढने निकले हैं, कुल मिलाकर अब उन्हे भी मालूम हो गया है की उनका मामला अब विभाग से मुश्किल है निपट पाए क्योंकि पूरा लेनदेन का पोल खुल चुका है,अब यदि जरा सी कोई गुंजाइश है तो वह न्यायालय से ही है जिस तरफ वह कुच कर चुके हैं।वैसे शासन ने कैविएट दाखिल कर रखा है समय भी दस दिवस का शिक्षकों के पास लगता नहीं वह अल्प समय में कोई स्थगन पा सकेंगे वैसे कुछ यदि राहत मिलेगी तो भी उन्हे पैसा खर्च करना होगा दोहरी मार झेलनी पड़ेगी यह तय है।

बिचौलिए शिक्षक नेता पर भी क्या होगी कार्यवाही...जिसने संयुक्त संचालक का किया था महिमा मंडन

पूरे मामले में सरगुजा संभाग के एक जिले सूरजपुर के एक शिक्षक संघ नेता के ऊपर भी क्या कोई आरोप तय हो पाएगा क्या उसका नाम भी मामले में संलिप्त पाया जाएगा यह सवाल उठ रहा है...बताया जा रहा है संयुक्त संचालक जो दोषी साबित हुए हैं उसके खास थे शिक्षक नेता और वह शिक्षक संघों का मूल कर्तव्य छोड़कर बिचौलिया का काम कर रहे थे और जगह-जगह फोन कर भाव क्या है संयुक्त संचालक कार्यालय में पदस्थापना का वह बता रहे थे वहीं जब संयुक्त संचालक की पोल खुलने लगी यही बिचौलिया शिक्षक नेता ऐसा था जिसने अपने जिले के बाहर निकलकर समाचार पत्रों में संयुक्त संचालक की महिमा मंडन का प्रयास किया था और उनकी चालीसा पढ़ी थी,वैसे अब शिक्षक जो प्रभावित हुए हैं वह भी दलाली करने वाले शिक्षक नेताओं पर कार्यवाही की अंदरखाने मांग कर रहें हैं और उनका कहना है यही दलाल प्रवृत्ति उन्हे उलझा ले गई और आज वह न तो घर के हैं न घाट के।

मामले में दो बड़े सवाल

परंतु इस मामले में दो बड़े सवाल हैं,**पहला तो यह कि** सरगुजा संभाग में संशोधन आदेश लगभग 450 से अधिक शिक्षकों के लिए जारी हुआ था, तो निरस्तीकरण आदेश केवल 385 शिक्षकों के लिए ही क्यों? **दूसरा बड़ा सवाल** यह है कि भ्रष्टाचार और घोटाले की इस पूरे मामले में यह केवल संशोधन के निरस्तीकरण के संबंधित आदेश हैं, परंतु जिन्होंने पैसों का लेनदेन कर फर्जी मेडिकल प्रमाण पत्र एवं अन्य सहायता से मनमाना पदस्थापना स्थल प्राप्त किया उन पर कार्यवाही कब और कैसे?

प्रमोशन पोस्टिंग के प्रमाण भी पुख्ता नजर आने लगे

दैनिक घटती घटना के पास इस बात के पुख्ता प्रमाण हैं कि सरगुजा संभाग में संभागीय कार्यालय द्वारा सहायक शिक्षक से शिक्षक पद पर एवं शिक्षक से प्रधान पाठक माध्यमिक शाला के पद पर हुए प्रमोशन में मनचाही पदस्थापना के चक्कर में पैसों का लेनदेन कर भारी भ्रष्टाचार किया गया एवं जब कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार की शिकायत होने लगी एवं दैनिक घटती-घटना समाचार पत्र में लगातार इस मामले को उठाया तो संभागीय कार्यालय द्वारा भ्रष्टाचार,घोटाले को अंतिम रूप देने के लिए नए तरीकों की खोज कर डाली गई। जहां बहुतायत में चिकित्सा प्रमाण पत्र के माध्यम से कनिष्ठों को मनचाही पदस्थापना दी गई,वहीं मनचाही पदस्थापना के लिए जिन शिक्षकों से पैसों की उगाही की गई थी, उन्हें दिखावे के लिए एक दूसरे के चयनित स्थलों में पदस्थापना देकर एक माह के भीतर ही संशोधन के माध्यम से उन्हें इच्छित स्थान पर पदस्थापना दे दी गई। मामले के उजागर होने के उपरांत जब सभी संशोधन निरस्त किए जा रहे हैं, वहीं राज्य शासन की मंशा के परे कई सारे शिक्षक जिनके आदेश को संशोधित किया गया था, उनका निरस्तीकरण सूची में नाम ही नहीं है।

उदाहरण से समझते है...

उदाहरण के लिए प्राथमिक शाला छिंदिया में पदस्थ सहायक शिक्षक उमेश कुमार कुशवाहा को शिक्षक पद पर पदोन्नति देने उपरांत उनकी प्रथम पदस्थापना आदेश एमसीबी जिले के केल्हारी के लिए की गई थी, जिसे बाद में संशोधित कर कोरिया जिले के पटना में पदस्थ किया गया। परंतु वर्तमान निरस्तीकरण सूची के 385 शिक्षकों में उक्त शिक्षक के संशोधन आदेश के निरस्तीकरण का कोई वर्णन नहीं है। यह तो केवल एक बानगी और उदाहरण मात्र है, ऐसे कई शिक्षक हैं जिनके संशोधन आदेश को निरस्तीकरण से अलग रखा गया है। मामले में बड़ा सवाल यह है कि क्या पुनः संभागीय कार्यालय में पदस्थ अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा नए तरीके से सेटिंग कर भ्रष्टाचार के माध्यम से पदस्थापना का खेल खेला जा रहा है। ज्ञातव्य हो कि उमेश कुशवाहा वही शिक्षक हैं जिन्होंने काउंसलिंग प्रक्रिया के दौरान ही प्रक्रिया समाप्त होने के पूर्व सोशल मीडिया के माध्यम से पदस्थापना के लिए बधाई संदेश प्रसारित किया था,इसके बाद मामले की शिकायत संयुक्त संचालक कार्यालय में हुई, वीडियो भी वायरल हुआ,अधिकारी ने चैलेंज भी किया कि ऐसी कोई भ्रष्टाचार की बात नहीं हुई है। प्रथम पदस्थापना आदेश में इस बात की पुष्टि भी हुई, परंतु जैसे ही एक माह बाद संशोधन आदेश जारी हुआ, काउंसलिंग प्रक्रिया के दौरान उमेश कुशवाहा द्वारा प्रसारित बधाई संदेशों की पुष्टि हो गई,जो यह प्रमाणित करता है कि बड़े पैमाने पर सेटिंग का खेल हुआ है।

कब तक सहेगी जनता इन्होंने स्वास्थ्य सुविधा को लेकर जो वादे किए है क्या पूरा हुआ जनता को जवाब दे...

चिरमिरी की लचर स्वास्थ्य सुविधा से गई युवक की जान,आखिर जिम्मेदार कौन?:महेश प्रसाद

-रवि सिंह-

बैकुण्ठपुर,08 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)। भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के मनेंद्रगढ़ विधान सभा प्रत्यासी महेश ने कहा चिरमिरी की स्वास्थ्य विभाग की लचर व्यवस्था के लिए आखिर जिम्मेदार कौन है ? सत्ताधारियों अब तुम्हे जवाब देना होगा अगर इन सत्ताधारियों ने स्वास्थ्य विभाग को लेकर कार्य किया होता तो अच्छी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध होती। इन्होंने केवल और केवल खानापूर्ति का कार्य किया है । आलम यह है की, चिरमिरी मनेंद्रगढ़ की दशा दयनीय है पूरे जिले में डॉक्टरों की कमी है। इन्होंने पांच वर्षो में क्या कार्य किया है जनता को जवाब दे। जनता तुमसे पूछ रही है आप ने किया क्या है जो मेडिकल सुविधा के लिए हमे अपने जिले से बाहर जाना पड़ रहा है। हाल ही में ही हल्दीबाड़ी स्टेशन दफाई के एक एसईसीएल कर्मचारी की सीढ़ी से फिसलने के कारण एसईसीएल हॉस्पिटल ले जाया गया हॉस्पिटल से रिफर के दौरान डॉक्टर के लापरवाही से युवक की रास्ते में ही मौत हो गई। उन्होंने कहा आजादी के 76 वर्ष गुज़र गए लेकिन आज तक अच्छी स्वास्थ्य सुविधा से वंचित है सरकार आए पांच वर्ष पूरा होने को है मगर स्वास्थ्य सुविधा को लेकर एम सी बी की जनता को छला गया काश जिले की स्वास्थ्य सुविधा अच्छी होती तो उस युवक का जान बच सकती थी। इन्होंने केवल इन पांच वर्षो में अपना काम साधा है जब की वर्तमान विधायक डॉक्टर है कम से कम अपने क्षेत्र में अच्छी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाए होते केवल भूमि पूजन से जनता का भला नहीं होगा। मूल भूत सुविधाओ में स्वास्थ्य को सबसे ऊपर रखना चाहिए स्वास्थ्य को सबसे उपर रखना अति आवश्यक है। क्योंकि जीवन से बढ़कर मनुष्य के पास कुछ भी नहीं जिसका मूल्य चुकाया नही जा सकता। रोड सड़क तो कभी भी बन जायेंगे मगर एक परिवार से किसी के छीन जाने पर उसे दोबारा नहीं पाया जा सकता। इसलिए एमसीबी जिले में स्वास्थ्य सुविधाओ का ना होना बहुत ही दुखद विषय है।

लाहिड़ी कॉलेज में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण संबधी जरुकता कार्यक्रम किया गया

-संवाददाता-

चिरमिरी,08 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)। गतदिवस कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी अंबिकापुर, जिला-सरगुजा के पत्र के परिपालन में शासकीय लाहिड़ी स्नातकोत्तर महाविद्यालय चिरमिरी की राष्ट्रीय सेवा योजना (पुरुष एवं महिला) इकाई की संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण निषेध कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य के संरक्षण एवं कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात ÷नशा नास का कारण है÷ से किया गया। तंबाकू, गुटका, पान-मसाला, बीड़ी, सिगरेट, गांजा, कोकीन, चरस, हीरोइन, शराब आदि नशीले पदार्थो के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। मनुष्य संसार का सबसे उत्तम जीव होने के बावजूद अपने विवेक को किनारे रखते हुए दुर्व्ययसनो का इस प्रकार आदि हो जाता है जो उन्हें शारीरिक, मानसिक, आर्थिक, सामाजिक सभी प्रकार से क्षति

होती है। डॉ. उमाशंकर मिश्रा द्वारा तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थो का उपयोग करने वाले लोगो को समाज में निम्नभाव एवं तिरस्कृत रूप से देखा जाता है। डॉ. रामनारायण पनिका द्वारा तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की शुरुवात समाज में अपने स्वयं के घर से प्रारंभ करने की बात कही गई। भागवत प्रसाद जांगड़े द्वारा कार्यक्रम को सारगर्भित करते हुए सम्मिलित छात्र-छात्राओ को नशा-मुक्ति संबंधी स्लोगन का वाचन कराया गया। तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम को और अधिक सुचारू रूप से प्रसारित करने के लिए दुर्व्यवसान मुक्ति पुस्तिका का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त छात्र - छात्राओं को अपने आस - पास के लोगो, पड़ोसीयों को जागरूक करने को अपील किया गया एवं जागरूकता कार्यक्रम संबंधी जानकारियां संधारित करने को कहा गया। कार्यक्रम में मंच संचालन बी. ए. भाग 3 विद्यासागर राउत द्वारा किया गया एवं विभिन्न छात्र-छात्राओं मरियम, सनी मालिक, ज्योति मालिक, ज्योति चौहान, सायमा अंसारी, प्रियांशी, सुरजा चौहान, मो. जिलानी, प्रिया, अभिषेक सिंह, शेखर, अनुराधा सिंह, सोनी सिंह, वर्षा सविता, चंचल आदि प्रतिभागियों ने वर्णित कार्यक्रम में अपनी बाते रखी। अंत में भागवत जांगड़े द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण, स्वयं सेवक, स्वयं सेविका एवं छात्र-छात्राओं का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

रिमझिम फुहारों के बीच आयोजित हुआ मटकी फोड़ प्रतियोगिता

बड़ी संख्या में प्रतिभागियों के साथ उमड़ी दर्शकों की भीड़,धौराटिकुरा की टीम ने पाया पहला और दूसरा पुरस्कार

-संवाददाता-

बैकुण्ठपुर,08 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)। कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी देवराहा बाबा सेवा समिति ने प्रेमाबाग परिसर में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में बालक,बालिका के साथ युवाओं की टीम ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया,रिमझिम फुहारों के बीच शाम 6 बजे से शुरू प्रतियोगिता का समापन देर रात 1 बजे हुआ,पहला और दूसरा पुरस्कार धौराटिकुरा की टीम ने प्राप्त किया,तीसरा पुरस्कार जामपारा की टीम को प्राप्त हुआ। भगवान कृष्ण की भक्ति में सराबोर प्रतिभागी भक्ति गीतों पर थिरकते नजर आये।

समिति के अध्यक्ष शैलेष शिवहरे ने प्रतियोगिता में सहभागी सभी जनों के प्रति आभार व्यक्त किया है। देवराहा बाबा सेवा समिति द्वारा नगर में आए दिन कोई न कोई आयोजन किया जाता है इसी श्रृंखला में आयोजित मटकी फोड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ सर्वप्रथम एकल प्रतियोगिता के रूप में हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में छोटे बच्चो ने शामिल होकर मटकी फोड़ी जिनमे सभी को सांत्वना पुरस्कार दिया। इसी क्रम में बालिकाओं की टीम ने मटकी फोड़ना शुरू किया जिसमे 4 टीम ने हिस्सा लिया था। पहाड़पारा की युवतियों ने पहला,योग स्पोर्ट्स ने दूसरा,एवं पहाड़पारा की टीम ने तीसरा भी पुरस्कार प्राप्त किया। सरडी की युवतियों ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। इस वर्ग में प्रथम 3100 रुपए,द्वितीय 2100 रुपए व तृतीय 1100 रुपए के साथ सभी को ट्राफी व अन्य पारितोषिक प्रदान किया गया। 10 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के टोली में पहला पुरस्कार पहाड़पारा कटगोड़ी ने 3100 रुपए,दूसरा पुरस्कार प्रेमाबाग ने 2100 रुपए प्राप्त किया। इसी कड़ी में 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के युवकों की प्रतियोगिता में लगभग 35 टीमों ने हिस्सा लिया,जिसमे पहला व दूसरा पुरस्कार धौराटिकुरा की टीम में 15000 व 11000 रुपए के साथ ट्राफी व पारितोषिक प्राप्त किया। तीसरा पुरस्कार जामपारा के युवाओं की टोली ने 7100 रुपए व ट्राफी के साथ पारितोषिक प्राप्त किया। मस्ती में सराबोर प्रतिभागियों ने देर रात तक भक्ति गीतों पर थिरक कर भरपूर आनंद लिया। आयोजन में पूर्व मंत्री भैयालाल राजवाड़े के साथ जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी,भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नविता शिवहरे, महिला मोर्चा अध्यक्ष धर्मवती राजवाड़े समेत आयोजन समिति के अध्यक्ष शैलेष शिवहरे, आशीष शुक्ला, अनिल शर्मा, अशोक चौदहा, सुभाष साहू, बसंत राय, अरविंद सिंह, पार्षद अनिल खटीक, भानु पाल, रीमा जायसवाल,शिल्पा गुप्ता,धीरज शिवहरे,ममता गोयन, अंकित गुप्ता, अवधेश सिंह, धीरज शिवहरे,राहुल गुप्ता, अभिनेंद्र चंदेल, ब्रह्मण समाज अध्यक्ष बृज मिश्रा, योगेंद्र मिश्रा,अन्नू दुबे, राहुल मिश्रा, रमन गुप्ता, अभय दुबे, रजनीश गुप्ता, अंचल राजवाड़े, हितेश सिंह,संदीप साहू, आयुष नामदेव, बबलू सिंह, सौरभ सिंह, घनश्याम साहू,समीर जायसवाल, आनंद सिंह, कुन्नू पाल,बिट्टू मिश्रा, मिंकु सोनी, ऋषि शिवहरे, आशीष यादव, अर्पित जयसवाल, दीपक साहू, सावन दास, माया सोनवानी समेत समिति सदस्य व बड़ी संख्या में नगर वासी मौजूद थे।

समाज के समग्र विकास के लिए राजनीतिक भागीदारी जरूरी

सामाजिक एकजुटता से ही समाज का सर्वांगीण विकास है संभवःसुनील चौरसिया

-अरविन्द द्विवेदी-
अनूपपुर,08 सितम्बर 2023
(घटती घटना)

बीते दिनों चौरसिया समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक भोपाल में संपन्न हुई। इस बैठक में अनूपपुर जिले के समाजसेवी एवं नगर परिषद डूमरकछार के अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार चौरसिया ने कार्यक्रम के दौरान कई विषयों पर अपने विचार स्वजातीय बंधुओ के बीच रखा। समाज में शिक्षा का प्रतिशत बढ़ना चाहिए और कुरीतियों से मुक्ति होने के साथ-साथ राजनीतिक भागीदारी का बढ़ना जरूरी है। ये बात अखिल भारतीय आदर्श चौरसिया महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव चौरसिया महासभा की प्रांतीय कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए कही।

इनकी रही उपस्थिति

बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला श्रीमती निधि चौरसिया, प्रदेश अध्यक्ष रामकृष्ण चौरसिया रीवा, इंजी. हर गोविंद चौरसिया, बसंत चौरसिया, रमेश चौरसिया, कार्यकारी अध्यक्ष जीवेश चौरसिया, विकास चौरसिया, एन.डी. चौरसिया, अजय चौरसिया, युवा प्रदेश अध्यक्ष अनुराग चौरसिया समेत राष्ट्रीय पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक को उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य रघुनंदन चौरसिया जनहित किसान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम सुंदर दास,सुनील कुमार चौरसिया सहित कई सामाजिक बंधुओ ने संबोधित किया। अंत में आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

जनसंख्या के आधार पर नहीं मिला प्रतिनिधित्व

उन्होंने कहा कि देश और मप्र में चौरसिया समाज के अनेक प्रतिभावान व्यक्तित्व है जो सत्ता और संगठन में अपनी योग्यता प्रदर्शित कर सकते हैं। अनेक परिवार ऐसे हैं जिनकी निष्ठा और समर्पण भाजपा और कांग्रेस में पीढ़ियों से है लेकिन अभी तक चौरसिया समाज को लोकसभा, विधानसभा और राज्यसभा में जनसंख्या के आधार पर प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि चौरसिया समाज के व्यक्तियों में जनता की सेवा करने का उत्साह और समर्पण ज्यादा है लेकिन राजनीतिक पार्टियों की अनदेखी से उनकी राजनीतिक प्रतिभा का दमन हो रहा है। मप्र में पार्टियों के सर्वे हो जाएं तो दस से बारह ऐसे विधानसभा क्षेत्र है जहां चौरसिया समाज के व्यक्तित्व प्रभावशाली और जनता में लोकप्रिय हैं।

चौरसिया समाज की अनदेखी पड़ेगी महंगी

राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव चौरसिया ने कहा कि हमारी अनदेखी राजनीतिक पार्टियों को महंगी पड़ेगी। अब हमारे समाज का नौजवान जागरूक हो चुका है, वो अपने अधिकारों को यदि हक से न मिले तो छीनने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा पान विकास निगम की मांग लंबे समय से की जा रही है। पान समाज का प्रमुख व्यवसाय है। लंबे समय से सरकारी उपेक्षा हो रही है सरकारी अनुदान और संरक्षण व मिलने से पान की खेती विलुप्ति की कगार है। पान उत्पादक किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं, ये कार्य पान विकास निगम के माध्यम से संभव है। समाज की कुरीतियों को मिटाने विचार विमर्श किया गया। समाज सेवा के कार्यों में भागीदारी बढ़ाई जाएगी।

सैनिक को शासन के द्वारा आवंटित भूमि को धोखाधड़ी कर बेच दिया गया

इस कारनामे की जांच होने पर कई रसूखदार भूमाफियाओं के कारनामे उजागर होंगे

-राजेन्द्र शर्मा-
खड़गवां,08 सितम्बर 2023
(घटती घटना)

पोडी बचरा तहसील के अंतर्गत स्थित खसरा नंबर 552एवं 553 रकबा 2.02 हेक्टेयर भूमि को शासन के द्वारा सैनिक वशिष्ठ सिंह को जीविकापार्जन के लिए आवंटित किया गया था। जबकि पूर्व सैनिक वशिष्ठ सिंह एंव उनकी पत्नी चंदा सिंह का देहांत हो चुका है एवं वशिष्ठ सिंह का कोई वारी शान नहीं है वशिष्ठ सिंह के भाई श?त्रुधन एवं पत्नि विमला देवी के द्वारा भूमि के कूटरचित दस्तावेज के आधार पर एवं भूमाफियाओं के सहयोग से सैनिक वशिष्ठ सिंह की शासन द्वारा आवंटित कृषि भूमि को भाई शत्रुधन एवं पत्नि श्रीमती विमला मृतक सैनिक वशिष्ठ सिंह एवं पत्नि चंदा सिंह बनकर श्रीमति सविता कुण्डु पति शंभु कुण्डु निवासी गणेशपुर थाना जयनगर जिला सरगुजा को 27 अप्रैल 2011 को पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से विक्रय कर दिया गया है वही विमला सिंह ने 29 मार्च 2007 में अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि को एकता नगर गोदरीपारा चिरमिरी निवासी श्रीमति फुलेश्वरी पत्नि बरातू को बिक्री की गई है और दोनों जमीन का मालिक अलग अलग है एक जमीन जो सैनिक वशिष्ठ सिंह एवं पत्नि चंदा सिंह के नाम पर है वही दूसरी जमीन श्रीमती विमला सिंह पति शत्रुधन के नाम है जमीन के मालिक अलग अलग है लेकिन रजिस्ट्रीकर्ता दोनों जमीन का एक ही एक रजिस्ट्री में विमला सिंह चस्पा फोटो में है तो वही दूसरी रजिस्ट्री में बिना चस्मा फोटो लगाया है जिस फर्जी रजिस्ट्री की जानकारी गामीणो को होने पर स्थानीय ग्रामीणों ने मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन को एवं कलेक्टर कोरिया को आवेदन देकर बचरा में शासन के द्वारा सैनिक को आवंटित कृषि भूमि शासकीय भूमि को खाली कराया जाने हेतु गुहार लगाई गई है7 गौर करने वाली बात यह है कि फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत कर फर्जी रजिस्ट्री कराने वाले पति पत्नी की मौत हो चुकी है इस मामले की बिंदुवार जांच हुई तो इस मामले में कई अधिकारी कर्मचारियों की संलिप्तता भी उजागर होगी अब देखना यह कि रसूखदार भूमाफियाओं के द्वारा जांच को प्रभावित करने के लिए किस किस हथियार का उपयोग कर को प्रभावित कर सकते हैं इन रसूखदार लोगों के दबाव में जांच होगी भी या नहीं समय ही बताएगा?

एक माह में सीसी सड़क बदला डब्ल्यूबीएम सड़क में

अनियमितता कर किया गया सड़क निर्माण

जबकि ग्रामीण यांत्रिकी विभाग से प्राप्त जानकारी से कि सडक की ऊपरी सतह पर जब तक मुरूम डालकर रोलर से रोलिंग नहीं किया जाएगा तब तक उस पर सी सी सडक का निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता है मगर फुनगा ग्राम पंचायत मे कल्याण घर से रामसुंदर घर तक पहुंच मार्ग पर सारी नियम शर्तों को दरकिनार कर सी सी सडक का निर्माण कार्य करा दिया गया इस निर्माण कार्य के पूर्व तो ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के सब इंजीनियर के द्वारा लेआऊट भी तो दिया गया होगा तब उस इंजीनियर को कया इस सडक पर मुरूमीकरण कार्य का ना होना तो दिखाई दिया होगा मगर इस सी सी सडक के निर्माण कार्य में भरपूर अनियमितता कर सी सी सडक का निर्माण कार्य करा दिया गया

अधिकारियों के देख रेख में हुआ है कार्य

इस सी सी सडक के निर्माण के समय ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी के देखरेख में सडक का निर्माण कार्य कराया गया तो क्या इन अधिकारीओ को सी सी सडक का बेस नहीं दिखाई दिया होगा सडक के निर्माण कार्य में हुई अनियमिता के लिए पूर्णतः ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी हीई जिम्मेदार है?

मुख्यमंत्री समग्र विकास 5.20 लाखों रूपये की सीसी सड़क जानवरों के चलने से उखड़ी

-राजेन्द्र शर्मा-
खड़गवां, 08 सितम्बर 2023
(घटती घटना)

जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत फुनगा सी सी सडक निर्माण कार्य कल्याण घर से रामसुंदर घर तक पहुंच मार्ग योजना मुख्यमंत्री समग्र विकास से सी सी सडक का निर्माण कार्य के लिए निर्माण एजेंसी संरपच/सचिव ग्राम पंचायत फुनगा को बनाया गया था इस सडक के निर्माण कार्य के लिए 5.20 लाख स्वीकृति राशि प्रदान की गई थी। इस सी सी सडक के निर्माण कार्य को हुए मात्र एक माह भी नहीं हुए हैं सडक पूरी तरह से उखड गई है जबकि ना ही इस सी सी सडक पर किसी प्रकार के वाहनों की आवाजाही भी नहीं है उसके बाद भी ये सी सी सडक महज एक माह भी नहीं टिक पाई इस सी सी सडक पर मात्र जानवरों की आवाजाही ही होती है। इस सडक के निर्माण कार्य कि निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत फुनगा ही थी ग्राम पंचायत के द्वारा निर्माण सथल पर लगाये गए बोर्ड में सी सी

सडक की लम्बाई 200 मीटर स्वीकृत वर्ष 2023 -- 2024 कार्य पूर्ण होने का दिनांक आदि का कोई उल्लेख नहीं किया गया है जबकि शासन के द्वारा सभी का उल्लेख करने के लिए निर्देश दिया जाता है और इनके एग्रीमेंट मे होता है मगर ग्राम पंचायत फुनगा निर्माण एजेंसी के द्वारा अपने मनमाने तरीक़े से इस सी सी सडक के कार्य को पूर्ण रूप से गुणवत्ता विहीन कार्य किया गया है।

जबकि सी सी सडक निर्माण कार्य ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी के संरक्षण मे इस सी सी सडक का निर्माण कार्य कराया गया है इस निर्माण कार्य में कितनी गुणवत्ता से कराया गया है ये सी सी सडक को देखकर सहज लगाया जा सकता है कि इस 5.20 लाख रुपये की लागत की सी सी सडक़ एक माह में ही उखड गई जबकि इस सी सी सडक पर किसी भी वाहन की आवाजाही भी नहीं होती है।

अधिकारियों की सह पर हो रहा कार्य

इस सी सी सडक के निर्माण कार्य के समय इसकी गुणवत्ता की अनदेखी कर सी सी सडक का निर्माण कार्य कराया गया था इस सी सी सडक के निर्माण कार्य में ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अधिकारीयो की सह पर इस गुणवत्ता विहीन सी सी सडक का निर्माण कार्य कराया गया होगा? और इसकी गुणवत्ता की बिना जाच किए ही इस सी सी सडक के निर्माण कार्य की राशि का भुगतान भी कर दिया गया।

बारह सालों से पदस्थ है अधिकारी

जितनी भी इस विकास खंड में सी सी सडक का निर्माण कार्य हुआ है वो ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के बनाए हुए स्टीमेट और मापदंड से नहीं किया जाता हैं ग्राम पंचायतो के सी सी निर्माण कार्य हुए हैं पिछले बारह सालों है एक ही स्थान पर पदस्थ अधिकारी के समय के ही जदातर निर्माण कार्य गुणवत्ता विहीन और मापदंड के अनुरूप किए गए हैं ये एक जांच का विषय है प्रशासन को इसकी जांच करानी चाहिए जिससे ग्रामीणों के टैक्स की राशि से क्षेत्र का विकास हो सके?*

महज एक माह ही चली सड़क

इस जनपद पंचायत क्षेत्र खडगवा में जितने भी सी सी सडक का गुणवत्ता विहीन सी सी सड़कों भवनों और अन्य निर्माण कार्य कराए गए लगभग सभी गुणवत्ता विहीन और मापदंड के अनुरूप नहीं बनाया गया है और इन निर्माण कार्यों के लाखों रुपए की राशि का भुगतान भी करा दिया गया। इस सी सी सडक निर्माण कार्य किस तरह से निर्माण कार्य कराया गया है उसके सारे सबूत भी मौजूद हैं कि कितनी गुणवत्ता से सी सी सडक का निर्माण कार्य कराया गया है जो सथल पर दिखाई दे रहा है एक माह में ही सी सी सडक जानवरों के चलने से उखाड़ गई है।

कोरबा विधानसभा प्रत्याशी लखन लाल एवं भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह ने कांग्रेस के खिलाफ लगाए गंभीर आरोप

कोरबा विधायक के शह पर हो रहा अवैध कार्य

-संवाददाता-
कोरबा,08 सितम्बर 2023
(घटती घटना)

कोरबा विधायक पर भाजपा ने लगाए गंभीर आरोप ढ्ढ उनका आरोप है कि जिले में जितने भी अवैध कार्य हो रहे हैं उन पर विधायक का संरक्षण है। विगत दिनों पुलिस ने जो कार्यवाही कांग्रेस नेता पर की है वह जायज है ढ्ढ इसी तरह अपराधियों पर लगातार कार्यवाही होनी चाहिए । हालांकि इसके विरोध में कुछ कांग्रेस के पदाधिकारियों ने पुलिस के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है, यह उनकी समझ है, लेकिन भाजपा का मानना है कि वर्तमान में सरकार के सहयोग से जितने भी गलत कार्य हो रहे हैं उस पर अंकुश लगाने की जरूरत है । ये बातें भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह तथा भाजपा के कोरबा विधानसभा के प्रत्याशी लखन लाल देवांगन ने कहीं । जिला अध्यक्ष ने साफ तौर पर विधायक जयसिंह अग्रवाल पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके खास समर्थक विकास सिंह जो वर्तमान में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव पद पर काबिज है , उसके खिलाफ पुलिस में गंभीर अपराध दर्ज है, इसी मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल दाखिल कर दिया है । भारतीय जनता पार्टी ने मांग करते हुए कहा कि यदि कांग्रेस में नैतिकता है तो तत्काल विकास सिंह को बर्खास्त कर विधायक के खिलाफ भी कार्यवाही करनी चाहिए । बता दें की पुलिस ने एक आदिवासी महिला की शिकायत पर विकास सिंह के खिलाफ कार्यवाही की है, लेकिन जिले के कुछ कांग्रेसियों को यह रास नहीं आ रहा है और पुलिस की कार्यशैली को लेकर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रहे हैं । जबकि पुलिस का काम अपराधियों पर नकेल कसना है और पुलिस यही काम कर रही है । हमारी मांग है कि जिले में जितने भी गुंडा बदमाश है, सभी के खिलाफ इसी तरह की कार्यवाही होनी चाहिए । वर्तमान में कांग्रेस की सरकार है और उनकी ही पुलिस यह कार्य कर रही है । इस दौरान कोरबा विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी लखन लाल देवांगन ने विधायक जयसिंह अग्रवाल पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले पांच वर्षों में उनके द्वारा कुछ भी कार्य नहीं किया गया है, सिर्फ गलत कार्यों को बढ़ावा दिया गया है । पुलिस का काम गुंडों मवालियों पर कार्यवाही करना है, और पुलिस अपना काम कर रही है । उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र की जनता निगम में भ्रष्टाचार की वजह से काफी परेशान है । महापौर के निकम्मेपन की वजह से निगम क्षेत्र के विकास के कार्य ठप हो गए हैं , उन्हें जनता इस बार चुनाव में सबक जरूर सिखाएगी।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
पार्किंग स्टैंड के अनुबंध के लिए ई–नीलामी सूचना

कार्य विवरण :– कोतमा रेलवे स्टेशन पर 2 पहिया, 4 पहिया एवं पीसीसीवी वाहनों की पार्किंग के निविदा आवंटन हेतु ई–नीलामी

कोतमा रेलवे स्टेशन पर पार्किंग स्टैंड के ठेके के लिए ई–नीलामी आमंत्रित की गई है। कैटेलॉग पहले ही IREPS वेबसाइट (https://www.ireps.gov.in) पर प्रकाशित की जा चुकी है। विवरण निम्नानुसार है –

कैटेलॉग क्रमांक	श्रेणी	नीलामी दिनांक एवं समय	लॉट क्रमांक	लॉट विवरण	अनुबंध अवधि
BSP-PARK-KTMA5	(पार्किंग–मिश्रित)	12-09-23 15:00:00	PARKING-BSP-KTMA-MX-25-23-2	कोतमा रेलवे स्टेशन के परिचालित क्षेत्र में दो पहिया, चार पहिया एवं पीसीसीवी (ऑटो/टेम्पो/टैक्सी (कार)/मिनी बस) वाहनों के लिए पार्किंग स्थल।	1096 दिन

सीपीआर/10/216 वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर।
South East Central Railway @secrail
RO No.1251

आधा-अधूरा निर्मित नहर बना किसानों के लिए अभिशाप

» खेतों में सिंचाई हेतु पानी के लिए कर रहे किसान जद्दो जहद

» मरम्मत के अभाव में दर्जनों किसानों ने किया श्रमदान

-मनोज कुमार-
लखनपुर,08 सितम्बर 2023
(घटती-घटना)।

चंदनई वयापर्तन परियोजना के तहत करोड रुपए लागत राशि से ठेकेदार विभागीय अधिकारियों के द्वारा आधा अधूरा नहर का निर्माण कराया गया जो आज किसानों के लिए अभिशाप बना हुआ है। जगह जगह नहर टूटने के कारण कृषकों को धान की सिंचाई हेतू पानी नहीं मिल पा रहा है। और वही जल संसाधन विभाग द्वारा नहर मरम्मत की राशि जहां उपयोग करना था वहां उपयोग ना करते हुए राशि का दुरुपयोग करते हुए अन्यत्र स्थान में रिटर्निंग वॉल बनाया गया है। जबकि कृषकों द्वारा स्वयं पानी खेतों में पहुंचने के लिए श्रमदान कर नहर के माध्यम से खेतों में पानी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। लखनपुर विकासखंड के अंतर्गत जल संसाधन विभाग का कई भ्रष्टाचार के मामले सामने आ रहे हैं वहीं हमेशा सुर्खियों में रहे चंदनई वयापर्तन परियोजना के तहत करोड रुपए लागत से डैम और नहर का आधा अधूरा निर्माण किया गया था। जो भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है। और किसानों के लिए अभिशाप बनकर रह गया है।जब भी नहर में पानी छोड़ा जाता है। तब तब नहर के मेड़ टूट जाते हैं जिससे खेतों में सिंचाई हेतु पानी किसानों को उपलब्ध नहीं हो पाता और काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है । आज दिनांक तक अधूरा नहर निर्माण देखा जा सकता है और उक्त नहर निर्माण में गुणवत्ता विहीन नहर निर्माण किया गया है जहां जगह-जगह नहर पूरी तरह से टूटती जा रही है। और उसी क्रम में ग्राम पंचायत कोसंगा के कृषकों के लिए हजारों हेक्टेयर फसल की सिंचाई के मनसा अनुरूप यह परियोजना के तहत शासन करोड रुपए खर्च किया गया था परंतु कार्य इतना गुणवत्ता विहीन की नहर कई जगह में अलग- अलग हिस्से में टूट कर बिखरे हुए देखे जा सकते

हैं । वही क्षेत्र के किसान खेतों में दोहरी मार झेल रहे किसानों को अच्छी बारिश नहीं होने की वजह से रोपाई के उपरांत धन की फसल में इन दिनो पानी की आवश्यकता दिख रही है जिसे देखते हुए ग्राम पंचायत कोसंगा के ग्रामीणों में अमरसाय,काशीराम, हरभजन, शिवनारायण, शनि,शंकर,भोलू,उमेश, दुर्गा, अमरजीत, कन्नो राम,पंकज, किसानों द्वारा क्षतिग्रस्त नहर को स्वयं के श्रमदान से मरम्मत किया जा रहा है जिससे उनके खेतों में पानी पहुंच सके कई बार जल संसाधन विभाग के ऑला अधिकारियों व जनप्रतिनिधियो के पास गुहार लगाया गया परंतु आज दिनांक तक वह टूटा हुआ नहर का कार्य पूर्ण नहीं हो पाया। जल संसाधन विभाग के द्वारा विभाग के काम को स्थानीय ठेकेदार के माध्यम से लगभग 5 से 10 लख रुपए की गुणवत्ता विहीन रिटर्निंग वॉल का निर्माण कर दिया गया है जबकि जिस दिशा की और रिटर्निंग वॉल एवं नहर टूटा है उसकी मरम्मत कराया जाना था परंतु उसके विपरीत दिशा में रिटर्निंग वाल बनाया गया है कृषकों के द्वारा बताया गया कि जब शुरुआती दौर में ही नहर टूट गया है वहां से ही पानी आगे नहीं बढ़ेगा इससे बनवाने का कोई जरूरत नहीं है जल संसाधन विभाग महज खानपूर्ति कर रही है और किसानों के हितों में काम नहीं कर रही है।

भ्रष्टाचार को छुपाने मनरेगा के योजना से किया गया नहर में कार्य

चंदनाई व्याप्रत्र योजना के तहत विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार के मिली भगत से धरातल पर करोड़ों रुपए की लागत राशि से नहर का आधा अधूरा निर्माण कार्य कराया गया। और कागजों में नहर निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं। नहर निर्माण भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका था। विभागीय अधिकारियों के द्वारा भ्रष्टाचार को छुपाने उक्त आधा अधूरे नहर में मनरेगा के तहत 19 लाखो रुपए से मरम्मत कार्य कराया गया है। साथ ही विभाग की ओर से नहर का मरम्मत न कराकर रिटर्निंग वॉल का कार्य कराया गया है जो आज किसानों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। नहर क्षेत्र के किसानों के लिए अभिशाप बना हुआ है।

इस संबंध पर जल संसाधन विभाग के ईई अरुण मिश्रा से संपर्क किया गया परंतु मोबाइल ऑफ था इसलिए उनका पक्ष नहीं रखा गया ।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सूरजपुर,जिला-सूरजपुर,छ.ग.

रा.प्र.क्र.../अ-2/2022-23

ईश्तहार

एतद्द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-केशवनगर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती पूनम मिंज पति श्री सुशील मिंज,जाति उरॉव, निवासी ग्राम केशवनगर, तहसील सूरजपुर, जिला सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा उनके स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम-केशवनगर, प0ह0न0 25, रा.नि.मं. पिलखा, तहसील सूरजपुर स्थित स्वयं के खाते की भूमि खसरा क्र. 548/9 रकबा 0.06 में से 0.02 हे. कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजन, के लिये भूमि व्यपवर्तन हेतु इस न्यायालय में आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त सम्बंध में ग्राम-सूरजपुर के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 21/9/2023 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 06/09/2023 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील
विशेष कर्त्तव्याधिकारी
भूमि व्यपवर्तन सूरजपुर

न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अम्बिकापुर,जिला सरगुजा,छ0ग0

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. /.../अ-2/2022-23

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रियंका गुप्ता पत्नी अद्यानन्द जायसवाल जाति मद्देशीया ग्राम/नगर सत्तीपारा तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम सरंगवा तहसील अम्बिकापुर खसरा नंबर 848/35, 0. 032 हे0 भूमि को कृषि भिन्न, आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि बी-1, खसरा, नक्शा, पंचायत प्रस्ताव, अधिकार अभिलेख, रि-नम्बरिंग सूची, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 15/09/2023 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 31/8/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी ।

सील
अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) अम्बिकापुर

एशिया कप : सुपर चार में अपनी उम्मीदें जीवंत रखने उतरेगा बांग्लादेश

कोलंबो,08 सितंबर 2023। बांग्लादेश की टीम शनिवार को यहां जब मेजबान श्रीलंका का सामना करेगी तो वह एशिया कप एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के सुपर चार में अपनी उम्मीदें जीवंत रखने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

बांग्लादेश को लाहौर में सुपर चार के पहले मैच में पाकिस्तान से सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा था और अब उसके लिए यह मैच करो या मरो जैसा बन गया है। उसके सामने श्रीलंका की कड़ी चुनौती होगी जो सुपर चार में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत करना चाहेगा।

इस मैच में हार मिलने पर बांग्लादेश का एशिया कप में अभियान निश्चित तौर पर खत्म हो जाएगा। उसकी सबसे बड़ी चिंता बल्लेबाजी को लेकर है।

बांग्लादेश ने लीग चरण में नजमुल हसन शंटो और मेहदी हसन मिराज के शतकों की मदद से अफगानिस्तान के खिलाफ पांच विकेट पर 334 रन बनाए थे लेकिन इसके बाद अगले दो मैचों में उसके बल्लेबाज नहीं चल पाए। श्रीलंका के खिलाफ उसकी टीम 164 जबकि पाकिस्तान के खिलाफ 193 रन पर आउट हो गई थी।

अब फिर से उसके सामने श्रीलंका की टीम है जिसके पास महीश तीक्षणा और मथीसा पाथिराना जैसे गेंदबाज हैं। ग्रुप बी के मैच में इन दोनों गेंदबाजों ने बांग्लादेश को 200 से कम स्कोर पर रोकने में अहम भूमिका निभाई थी।

श्रीलंका का गेंदबाजी विभाग काफी मजबूत है जिसमें कासुन रजिता भी शामिल है जिन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ दो रन की करीबी जीत में चार विकेट लिए थे। बांग्लादेश को अगर इन गेंदबाजों के सामने अच्छा स्कोर खड़ा करना है तो उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

बांग्लादेश को हालांकि शंटो की कमी खलेगी जो चोटिल होने के कारण एशिया कप से बाहर हो गए हैं। लिटन दास हालांकि टीम से जुड़ गए हैं और टीम को उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।

श्रीलंका को भी अपने कप्तान दासुन शनाका से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। वह इस साल अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाएंगे। श्रीलंका के बल्लेबाज अधिकतर अवसरों पर छाप छोड़ने में नाकाम रहे हैं लेकिन बांग्लादेश के गेंदबाज भी अभी तक कोई खास कमाल नहीं दिखा पाए हैं।

श्रीलंका को शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों से उपयोगी योगदान की अपेक्षा रहेगी। बांग्लादेश को अगर श्रीलंका को कम स्कोर पर रोकना है तो तास्किन अहमद और शोरिफुल इस्लाम के अलावा कप्तान शाकिब अल हसन को भी अच्छी गेंदबाजी करनी होगी।

टीम इस प्रकार हैं:

बांग्लादेशः शाकिब अल हसन (कप्तान), अनामुल हक बिजॉय, लिटन दास, तौहीद हृदोय, मुश्फिकुर रहीम, अफीफ हुसैन ध्रुबो, मेहदी हसन मिराज, तास्किन अहमद, हसन महमूद, मुस्तफिजुर रहमान, शोरिफुल इस्लाम, नसुम अहमद, शक महेदी हसन, नईम शेख, शमीम हुसैन, तंज़ीद हसन तमीम, तंज़ीम हसन साकिब।

श्रीलंकाः दासुन शनाका (कप्तान), पथुम निसांका, दिमुथ करुणारत्ने, कुसल जेनिथ परेरा, कुसल मेंडिस (उप-कप्तान), चैरिथ असलांका, धनंजय डिसिल्वा, सदीरा समरविक्रमा, महीश तीक्षणा , डुनिथ वेललागे, मथीशा पथिराना, कासुन राजिता, दुशान हेमंथा, बिनुरा फर्नांडो, प्रमोद मदुशन।

मैच भारतीय समयानुसार दोपहर बाद तीन बजे शुरू होगा।

एशियाई खेलों के दौरान ही शुरू होगा आईएसएल

खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम से खेलने की छूट मिलने पर संदेह

हांगझोउ,08 सितंबर 2023। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) ने अपने नए सत्र के लिए कार्यक्रम की घोषणा की जिससे इस महीने के आखिर में शुरू होने वाले एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में शामिल खिलाड़ियों को क्लबों से छूट मिलने का संदेह गहरा गया है।

हांगझोउ में होने वाले एशियाई खेल और आईएसएल की तिथियों में टकराव हो रहा है। एशियाई खेलों में फुटबॉल प्रतियोगिता 19 सितंबर से शुरू होकर सात अक्टूबर तक चलेगी जबकि आईएसएल के 2024-25 के सत्र का आरंभ 21 सितंबर को कोच्चि में केरल ब्लास्टर्स और बेंगलुरू एफसी के बीच होने वाले मैच से होगा। लीग के आयोजक एफएसडीएल ने 29 दिसंबर तक आईएसएल के पहले चरण के कार्यक्रम की घोषणा की। यह आईएसएल का दसवां सत्र होगा जिसमें कुल 12 टीम भाग लेंगी।

एशियाई खेलों के लिए भारत की 22 सदस्यीय टीम में आईएसएल के 10 क्लबों के खिलाड़ी शामिल हैं और पता चला है इनमें से कुछ क्लब अपने खिलाड़ियों को छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। एशियाई खेलों की भारतीय टीम में बेंगलुरु एफसी के छह, मुंबई सिटी एफसी के तीन, एफसी गोवा, मोहन बागान, ईस्ट बंगाल, ओडिशा एफसी, केरल ब्लास्टर्स के दो-दो तथा पंजाब एफसी, चेन्नईयिन एफसी और हैदराबाद एफसी केएक-एक खिलाड़ी शामिल हैं।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के महासचिव शाजी प्रभाकरण ने सोमवार को आईएसएल के इन 10 क्लब को पत्र लिखकर राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखते हुए एशियाई खेलों के लिए चुने गए अपने खिलाड़ियों को छोड़ने के लिए कहा था।

विश्वकप के पहले मैच में मैदानी अंपायर होंगे मेनन और धर्मसेना

अहमदाबाद,08 सितंबर 2023। भारत के नितिन मेनन और श्रीलंका के कुमार धर्मसेना पांच अक्टूबर को इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले वनडे विश्व कप के पहले मैच में मैदानी अंपायर की भूमिका निभाएंगे जबकिएंडी पाइक्रॉफ्ट मैच रेफरी होंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को यह घोषणा की।

आईसीसी के अनुसार अहमदाबाद में होने वाले टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में पॉल विल्सन टीवी अंपायर और शरफुद्दौला इब्ने शैद चौथे अंपायर की भूमिका निभाएंगे। विश्व कप में कुल 16 अंपायर अपनी सेवाएं देंगे। इनमें आईसीसी के एमिरेट्स एलीट पैनल के सभी 12 अंपायर और आईसीसी इमर्जिंग अंपायर पैनल के चार सदस्य शामिल हैं।

लॉर्ड्स में विश्वकप 2019 के फाइनल के लिए नियुक्त किए गए चार अंपायरों में से तीन - धर्मसेना,

मराइस इरास्मस और रॉड टकर इस सूची में शामिल हैं। केवल अलीम दारइस सूची में शामिल नहीं है। उन्होंने इस साल मार्च में एलीट पैनल से इस्तीफा दे दिया था। आईसीसी एलीट पैनल के चार मैच रेफरी जेफ क्रो, एंडी पाइक्रॉफ्ट, रिची रिचर्डसन और श्रीनाथ विश्व कप में अपनी सेवाएं देंगे। लीग चरण के सभी मैचों के लिए अंपायर और मैच रेफरी की घोषणा कर दी गई है। सेमीफाइनल और फाइनल के लिए मैच अधिकारियों की घोषणा बाद में की जाएगी।

विश्व कप के लिए नियुक्त किए गए अंपायर इस प्रकार हैं- क्रिस ब्राउन, कुमार धर्मसेना, मराइस इरास्मस, क्रिस गैफ़नी, माइकल गॉ, एड्रियन होल्डस्टॉक, रिचर्ड इलिंगवर्थ, रिचर्ड केटलबोरो, नितिन मेनन, अहसान रज़ा, पॉल रिफ़ेल, शरफुद्दौला इब्ने शैद, रॉड टकर, एलेक्स व्हार्फ, जोएल विल्सन और पॉल विल्सन।

भारत बनाम पाकिस्तान मैच के लिए अहम फैसला

» बारिश के कारण मुकाबले के लिए होगा रिजर्व डे

कोलंबो,08 सितंबर 2023। एशिया कप 2023 के सुपर-4 में इंडिया बनाम पाकिस्तान मुकाबले से पहले फैंस के लिए अच्छी खबर है। दरअसल, कोलंबो में भारी बारिश के मौसम को देखते हुए एशियन क्रिकेट काउंसिल यानी एसीसी ने 10 सितंबर को होने वाले इस बड़े मुकाबले के लिए रिजर्व डे रखने का फैसला किया है।

क्रिकेट पाकिस्तान की खबर के अनुसार अगर 10 तारीख को भारत और पाकिस्तान मैच पूरा नहीं हो पाता तो ये मैच 11 सितंबर को पूरा किया

जाएगा। इससे टीम इंडिया को बैक टू बैक दो मैच खेलने होंगे। तय शेड्यूल के अनुसार भारत का 12 सितंबर को बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबला खेलना है। सुपर-4 में एकमत्र भारत और पाकिस्तान मुकाबला ही होगा जिसके लिए रिजर्व डे रखा गया है। इसके अलावा अन्य कोई मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ता है तो उसे रद्द कर दिया जाएगा। भारत और पाकिस्तान मुकाबले के अलावा सिर्फ एशिया कप 2023 फाइनल के लिए रिजर्व डे होगा। बता दें कि, एशिया कप 2023 के ग्रुप स्टेज में भारत बनाम पाकिस्तान की पहली भिड़ंत हुई थी तो वह मुकाबला भी बारिश की भेंट चढ़ा था। पल्लेकेले में खेले गए उस मुकाबले में टीम इंडिया पहले बल्लेबाजी करते हुए 266 रनों पर सिमट गई थी।

लियोनेल मेस्सी का इक्वाडोर के खिलाफ चला जादू

अर्जेंटीना के लिए गोल कर दिलाई जीत, फ्री किक पर किया धमाल

ब्यूनस आयर्स,08 सितंबर 2023। लियोनेल मेस्सी के दूसरे हाफ में फ्री किक पर किए गए गोल की मदद से विश्व चैंपियन अर्जेंटीना ने दक्षिण अमेरिकी विश्व कप क्वालीफाइंग के अपने पहले मैच में इक्वाडोर को 1-0 से हराया। अर्जेंटीना के 36 वर्षीय कप्तान ने लगभग 83 हजार दर्शकों के सामने 78वें मिनट में यह महत्वपूर्ण गोल किया जिससे उनकी टीम अपने अभियान का जीत से शुरुआत करने में सफल रही। मेस्सी का यह 176 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 104वां गोल है। विश्व कप क्वालीफाइंग मैचों में यह उनका 29वां गोल है जिससे उन्होंने उरूग्वे के लुई सुआरेज के रिकॉर्ड की बराबरी की। दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग के अन्य मैचों में कोलंबिया ने राफेल सैंटोस



बोर्रे के 46वें मिनट में हेडर से किए गए गोल की मदद से वेनेजुएला को 1-0 से हराया। पराग्वे और पेरू के बीच मैच गोलरहित बराबरी पर छूटा।

अमेरिकी ओपन जीतने से एक कदम दूर कोको गॉफ

न्यूयॉर्क ,08 सितंबर 2023। कोको गॉफ ने पर्यावरण कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन के कारण पड़े व्यवधान और करोलिना मुचोवा की कड़ी चुनौती से पार पाकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में प्रवेश किया। फ्लोरिडा की रहने वाली 19 वर्षीय गॉफ ने चेक गणराज्य की 27 वर्षीय मुचोवा को 6-4, 7-5 से हराकर पहली बार फ्लशिंग मीडोज में फाइनल में जगह बनाई। फ्रेंच ओपन 2022 की उपविजेता गॉफ ने दर्शकों के अपार समर्थन के बीच छठे मैच प्वाइंट पर जीत दर्ज की। अमेरिका की खिलाड़ी दूसरे सेट में 5-3 के स्कोर पर मैच के लिए सर्विस कर रही थी। उन्होंने तब पहला मैच प्वाइंट गंवाया। गॉफ इस बीच दर्शकों से और समर्थन की अपील करती रही और आखिर में मुचोवा को हराने में सफल रही। वह पिछले 22 वर्षों में फ्लशिंग मीडोज में फाइनल में पहुंचने वाली पहली अमेरिकी किशोरी हैं। उनसे पहले 2001 में सेरेना विलियम्स ने यह मुकाम हासिल किया था।

गॉफ ने मैच के बाद कहा,'' मैं इस टूर्नामेंट को देखते हुए बड़ी हुई हूं, इसलिए फाइनल में जगह बनाना मेरे लिए काफी मायने रखता है। यह जश्न का समय है लेकिन अभी काम पूरा नहीं हुआ है और उम्मीद है कि शनिवार को होने वाले फाइनल में आप सभी मेरा समर्थन करने के लिए आएंगे।'' वह पहला सेट जीतने के बाद जब दूसरे सेट में 1-0 से आगे चल रही थी तो चार प्रदर्शनकारियों ने खेल में बाधा डाली। इन चारों को गिरफ्तार करके बाहर कर दिया गया। इस कारण लगभग 50 मिनट तक खेल रुका रहा और इस बीच दोनों खिलाड़ियों ने लॉकर रूम में समय बिताया।

शुभंकर शर्मा को आयरिश ओपन के पहले दौर में एकल बढ़त

किल्डारे (आयरलैंड),08 सितंबर 2023। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने 2023 का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सात अंडर 65 का शानदार स्कोर बनाया, जिससे उन्होंने आयरिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर के बाद एकल बढ़त हासिल की।

शुभंकर ने एक ईगल और पांच बर्डी जमाई और इस बीच कोई बोगी नहीं की। वह अभी तक इस साल दो प्रतियोगिताओं में शीर्ष 10 में शामिल रहे हैं।यह 27 वर्षीय खिलाड़ी ' रेस टू दुबई' में अभी 65वें स्थान पर है और दुबई में नवंबर में होने वाले सत्र के आखिरी टूर्नामेंट डीपी वर्ल्ड टूर चैंपियनशिप में जगह बनाने के लिए उन्हें शीर्ष 50 में जगह बनानी होगी।

आयरिश ओपन में खेल रहे एक अन्य भारतीय मनु गंडास ने पहले दौर में एक ओवर 73 का कार्ड खेला और वह संयुक्त 104वें स्थान पर हैं। उन्हें कट में जगह बनाने के लिए दूसरे दौर में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

अक्षय कुमार की मिशन रानीगंज का टीजर जारी,6 अक्टूबर को आएगी फिल्म

मिशन रानीगंज एक अपकमिंग बॉलीवुड फिल्म है, जोकि सर्वाइवल थ्रिलर है. फिल्म को तिनु सुरेश देसाई ने निर्देशित किया है और पूजा एंटरटेनमेंटने प्रोड्यूस किया है. फिल्म में प्रमुख भूमिका में अक्षय कुमार और परिणीति चोपड़ा दिखाई देंगे. साथ ही फिल्म का मोशन पोस्टर जारी कर दिया गया है जोकि काफी इंटेंस लग रहा है. यह फिल्म 6 अक्टूबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. मिशन रानीगंज फिल्म का प्रमुख कथा रानीगंज कोलफील्ड में हुए एक वास्तविक घटना पर आधारित है और इसमें अक्षय कुमार प्रमुख भूमिका में हैं, जो कोयला खदान में एक रेस्क्यू ऑपरेशन का हिस्सा बनते हैं. फिल्म की डिटेल्स और मोशन पोस्टर से यह स्पष्ट होता है कि फिल्म एक उत्कृष्ट सर्वाइवल थ्रिलर के रूप में प्रस्तुत की जा रही है, जिसमें दर्दनाक परिस्थितियों में अक्षय कुमार की ब्रेवरी और जीवन की खतरों से भरपूर कहानी दिखाई जाएगी. अक्षय कुमार के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे आखिरी बार ओह माय गॉड के सीक्वल ओएमजी 2 में दिखाई दिए थे. अमित राय द्वारा डायरेक्टेड यह फिल्म हस्थ मैथुन और सेक्स एजुकेशन पर बेस्ड है, जिसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला. साथ ही फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी लगभग 148.92 करोड़ का कारोबार किया है. फिल्म में अक्षय के अलावा पंकज त्रिपाठी और यामी गौतम भी प्रमुख भूमिकाओं में दिखाई दिए.

ऑरेंज कलर का आउटफिट पहन इवेंट में पहुंचीं शहनाज गिल, तस्वीरें इंटरनेट पर मचा रहीं बवाल

एक्ट्रेस शहनाज गिल आए दिन अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर कर कयामत ढा देती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही धमाल मचाने लग जाता है। बता दें कि एक्ट्रेस के पास इन दिनों कई बड़े प्रोजेक्ट्स हैं। शहनाज जल्दी ही फिल्म थैंक्यू फॉर कमिंग में नजर आएंगी। इस फिल्म के ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान शहनाज अपनी बाकी स्टारकास्ट के साथ पहुंचीं। लेकिन सब लोगों की नजर शहनाज पर ही टिकी रह गई थी। पंजाबी और बॉलीवुड इंडस्ट्री में अपने चुलबुले अंदाज से लोगों के बीच अपनी पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस शहनाज गिल आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। हाल ही में अपनी अपकमिंग फिल्म थैंक्यू फॉर कमिंग ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान एक्ट्रेस ने बेहद ही बोल्ड आउटफिट कैरी किया हुआ था। एक्ट्रेस शहनाज गिल के इस स्टाइलिश बैकलेस ऑरेंज कलर के गाउन पर से लोगों की नजरें हटने का नाम नहीं ले रही थी। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस शहनाज किलर अपने परफेक्ट बॉडी कर्व्स फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। कैमरे के सामने शहनाज गिल एक से बढ़कर एक पोज देती हुई सिजलिंग पोज दे रही हैं। ओपन हेयर और न्यूड मेकअप लुक कर के एक्ट्रेस ने शहनाज गिल ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। बताते चलें कि इस फिल्म की लीड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर हैं। ये मूवी 6 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो जाएगी। इस फिल्म की कहानी लड़कियों पर बेस्ड है, जिसमें दिखाया गया है कि वो अपनी लाइफ के फैसले खुद ले सकती हैं।

अभिषेक बनर्जी का स्टोलन से फर्स्ट लुक रिलीज,जख्मी दिखे एक्टर

एक्टर अभिषेक बनर्जी की अपकमिंग फिल्म स्टोलन का पहला लुक जारी कर दिया गया है। इसमें एक्टर को घायल दिखाया गया है, उनकी आंख सूजी हुई है और चेहरे पर चोट के निशान हैं। हाल ही में डेविड फिंचर की द किलर, ब्रैडली कूपर की मेस्ट्रो और सोफिया कोपोला की सच्ची कहानी वाली फिल्म प्रिसिला जैसी प्रभावशाली अंतरराष्ट्रीय विशेषताओं के साथ फिल्म का वेनिस फिल्म फेस्टिवल में स्पेशल प्रीमियर हुआ।

अभिषेक बनर्जी ने कहा, स्टोलन एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी फिल्म है और इस पर काम करना अविश्वसनीय रहा है। यह बहुत खास है और वेनिस फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर के दौरान हमारी फिल्म को इतना प्यार मिलने के लिए मैं बहुत आभारी हूं। हमारी फिल्म को जो स्टैंडिंग ओवेशन मिला वह एक अविस्मरणीय क्षण था और एक अभिनेता के रूप में यह सबसे बड़ा पुरस्कार है।

उन्होंने आगे कहा, यहां हम अपने दर्शकों को फिल्म और हममें से प्रत्येक को मिल रहे प्यार के लिए धन्यवाद देने के लिए फर्स्ट लुक का अनावरण कर रहे हैं। एक अभिनेता के रूप में यह मेरी सबसे चुनौतीपूर्ण लेकिन संतुष्टिदायक भूमिकाओं में से एक रही है। भले ही यह भावनात्मक और शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण था, मैं इस अनुभव के हर हिस्से को संजोता हूं।

स्क्रीनिंग के बाद फिल्म को 5 मिनट तक स्टैंडिंग ओवेशन मिली। स्टोलन एक पांच महीने के बच्चे को उसकी मां से अपहरण किए जाने की कहानी बताती है। स्टोलन में शुभम और मिया मेल्जर

भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। और जल्द ही अपनी रिलीज के लिए भारत में दस्तक देगी।

भरोसे का सम्मेलन

इन जिलों को मिली बड़ी सौगात

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजनांदगांव,मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के लिए 355 करोड़ 23 लाख रुपए की लागत के कुल 1 हजार 867 के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया

रायपुर,08 सितम्बर 2023(ए)। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम ठेकवा में भरोसे का सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा मल्लिकार्जुन खड़गे और कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के लिए 355 करोड़ 23 लाख रुपए की लागत के कुल 1 हजार 867 के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इसमें 177 करोड़ 86 लाख रुपए के 1 हजार 691 कार्यों का भूमिपूजन और 177 करोड़ 36 लाख रुपए के 176 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। इस दौरान शासन की विभिन्न योजना अंतर्गत 8 हजार 593 हितग्राहियों को 3 करोड़ 25 लाख 74 हजार रुपए की सामग्री का वितरण किया गया।

राजनांदगांव जिला अंतर्गत 98 करोड़ 73 लाख रुपए की लागत के 824 कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

राजनांदगांव जिला अंतर्गत 98 करोड़ 73 लाख रुपए की लागत के 824 कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन होगा। इसमें 47 करोड़ 26 लाख रुपए के 793 कार्यों का भूमिपूजन और 51 करोड़ 47 लाख रुपए के 31 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग के 8 कार्य के लिए 19 करोड़ 22 लाख 38 हजार रुपए, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग के 3 कार्य के लिए 3 करोड़ 99 लाख 39 हजार रुपए, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के 14 कार्य के लिए 2 करोड़ 57 लाख रुपए, जिला पंचायत राजनांदगांव के तहत ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन ईकाई एसएचजी के 38 कार्य के लिए 1 करोड़ 29 लाख 58 हजार रुपए, सामुदायिक सोकपिट के 389 कार्य के लिए 3 करोड़ 89 लाख रुपए, सामुदायिक शौचालय के 1 कार्य के लिए 5 लाख 50 हजार रुपए, एफसीटीपी वर्क के 3 कार्य के लिए 39 लाख 34 हजार रुपए, मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के 126 कार्य के लिए 5 करोड़ 88 लाख 17 हजार रुपए, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण अन्य पिछड़ा क्षेत्र विकास प्राधिकरण के 201 कार्य के लिए 8 करोड़ 10 लाख 15 हजार रुपए और छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संभाग के 1 कार्य के लिए 57 लाख 2 हजार रुपए, कृषि उपज मंडी समिति के 9 कार्य के लिए 1 करोड़ 28 लाख 53 हजार रुपए के कार्यों का भूमिपूजन किया। इसी तरह कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग के 7 कार्य के लिए 33 करोड़ 57 लाख 82 हजार रुपए, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण उप संभाग के 3 कार्य के लिए 13 करोड़ 7 लाख 19 हजार रुपए, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत राजनांदगांव के 10 कार्य के लिए 65 लाख 55 हजार रुपए, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास के 1 कार्य के लिए 1 करोड़ 91 लाख 51 हजार रुपए और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के 5 कार्य के लिए 1 करोड़ 27 लाख 80 हजार रुपए, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के 1 कार्य के लिए 12 लाख 70 हजार रुपए, सीजीएमएससी के 2 कार्य के लिए 32 लाख 72 हजार रुपए, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग के 2 कार्य के लिए 51 लाख 37 हजार रुपए के कार्यों का लोकार्पण हुआ।

मोहला-मानपुर-चौकी जिला

अंतर्गत 124 करोड़ 42 लाख रुपएकी लागत के 567 कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिला अंतर्गत 124 करोड़ 42 लाख रुपए की लागत के 567 कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन होगा। इसमें 65 करोड़ 15 लाख रुपए के 437 कार्यों का भूमिपूजन और 59 करोड़ 28 लाख रुपए के 130 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। सीजीएमएससी मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी के 11 कार्य के लिए 41 करोड़ 58 लाख 8 हजार रुपए, छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन शाखा के 3 कार्य के लिए 7 करोड़ 84 लाख 50 हजार रुपए, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के 2 कार्य के लिए 2 करोड़ 20 लाख रुपए, जिला पंचायत राजनांदगांव के तहत ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन ईकाई एसएचजी के 93 कार्य के लिए 4 करोड़ 56 लाख 55 हजार रुपए, सामुदायिक सोकपिट के 142 कार्य के लिए 1 करोड़ 42 लाख रुपए, मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के 56 कार्य के लिए 1 करोड़ 81 लाख 10 हजार रुपए, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण अन्य पिछड़ा क्षेत्र विकास प्राधिकरण के 86 कार्य के लिए 1 करोड़ 14 लाख रुपए और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अम्बागढ़ चौकी के 17 कार्य के लिए 55 लाख 50 हजार रुपए, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मानपुर के 22 कार्य के लिए 1 करोड़ 26 लाख 30 हजार रुपए, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग के 2 कार्य के लिए 1 करोड़ 89 लाख 18 हजार रुपए, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण विकास संभाग राजनांदगांव के 3 कार्य के लिए 87 लाख 56 हजार रुपए के कार्यों का भूमिपूजन किया।

इसी तरह कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग के 5 कार्य के लिए 24 करोड़ 3 लाख 58 हजार रुपए, कार्यपालन अभियंता परियोजना क्रियान्वयन इकाई क्रमांक 2 राजनांदगांव के 2 कार्य के लिए 21 करोड़ 20 लाख 59 हजार रुपए, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग के 2 कार्य के लिए 5 करोड़ 54 लाख 71 हजार रुपए, छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूसन कंपनी लिमिटेड के 3 कार्य के लिए 3 करोड़ 88 लाख रुपए, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के 1 कार्य के लिए 16 लाख रुपए, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अम्बागढ़ चौकी के 8 कार्य के लिए 34 लाख रुपए, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मानपुर के 6 कार्य के लिए 30 लाख रुपए, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मोहला के 21 कार्य के लिए 1 करोड़ 12 लाख 46 हजार रुपए, स्कूल शिक्षा विभाग मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी के 70 कार्य के लिए 27 लाख 74 हजार रुपए, सीजीएमएससी मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी के 11 कार्य के लिए 1 करोड़ 60 लाख 60 हजार रुपए, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संभाग के 1 कार्य के लिए 79 लाख 97 हजार रुपए के कार्यों का लोकार्पण किया।

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला अंतर्गत 132 करोड़ 7 लाख रुपए की लागत के 476 कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला अंतर्गत 132 करोड़ 7 लाख रुपए की लागत के 476 कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन होगा। इसमें 65 करोड़ 45 लाख रुपए के 461 कार्यों का भूमिपूजन और 66 करोड़ 62 लाख रुपए के 15 कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा। कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग के 7 कार्य के लिए 45 करोड़ 32 लाख 96 हजार रुपए, जिला पंचायत राजनांदगांव के तहत ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन ईकाई एसएचजी के 92 कार्य के लिए 4 करोड़ 51 लाख 72 हजार रुपए, सामुदायिक सोकपिट के 185 कार्य के लिए 1 करोड़ 85 लाख रुपए, मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के 98 कार्य के लिए 3 करोड़ 23 लाख 51 हजार रुपए, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण अन्य पिछड़ा क्षेत्र विकास प्राधिकरण के 64 कार्य के लिए 1 करोड़ 41 लाख रुपए और कार्यपालन अभियंता ग्रामीण विकास संभाग के 2 कार्य के लिए 3 करोड़ 23 लाख 34 हजार रुपए, कार्यालय नगर पालिका परिषद खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के 10 कार्य के लिए 2 करोड़ 44 लाख 38 हजार रुपए, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग राजनांदगांव के 1 कार्य के लिए 2 करोड़ रुपए, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग के 2 कार्य के लिए 1 करोड़ 43 लाख 52 हजार रुपए के कार्यों का भूमिपूजन होगा।

इसी तरह कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग के 3 कार्य के लिए 47 करोड़ 98 लाख 34 हजार रुपए, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग के 6 कार्य के लिए 16 करोड़ 59 लाख 43 हजार रुपए, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग राजनांदगांव के 1 कार्य के लिए 8 लाख 50 हजार रुपए, कार्यालय नगर पालिका परिषद खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के 5 कार्य के लिए 2 करोड़ 4 लाख 74 हजार रुपए के कार्यों का लोकार्पण किया।

रमन के क्षेत्र में गरजे खड़गे

» मेरी सरकार आएगी फिर से मैं उत्सव मनाउंगा

रायपुर,08 सितम्बर 2023 (ए)। पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के क्षेत्र में आयोजित भरोसे का सम्मेलन में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी मौजूद रहे। उन्होंने ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार बेहद अच्छा काम कर रही है। उन्होंने मंच से कहा कि मेरी सरकार फिर से आएगी और मैं उत्सव मनाउंगा।

यह मोदी का गुजरात मॉडल नहीं यह भूपेश बघेल और उनके मंत्रीमंडल का मॉडल है। उन्हें यहां आकर देखना चाहिए। मोदी किसी को अपनी बात रखने नहीं देते। पहले वह अपना संबोधन मेरे भाईयों बहनो से शुरू होता था। मगर चुनावी साल में उनके भाषण की शुरूआत मेरे परिवारजनों से होती है। चुनावी साल में भाजपा के बड़े नेता लगातार आ रहे हैं। मगर इससे पहले किसी ने छत्तीसगढ़ की जनता का हाल नहीं पूछा।

उन्होंने कहा कि ये गरीबों की, दलितो की, पिछड़े ही और किसानों की सरकार है। यहा के लोग बहुत मासूम हैं। अपने काम में मसरूफ रहते हैं। दूसरी बातों में इनको ध्यान नहीं रहता। गांधी जी कहते थे कि मैं ऐसे भारत का निर्माण करना चाहता हूँ जहां गरीब से गरीब आदमी भी महसूस करें कि देश उनका है। एक जमाना था जब बहुत कम धान किसानों का खरीदा जाता था। अब इस साल एक लाख सात हजार मीट्रिक टन धान खरीदा जा रहा है।

19 लाख किसानों का कृषि ऋण माफ किया गया। राजीव गांधी किसान न्याय योजना हमने लाई। इंग्लिश मीडियम स्कूल आरंभ किये गये। लघु वनोपज हम लोग खरीद रहे हैं। आदिवासी भाईबहनों को वनाधिकार दिया गया। हमने बेरोजगारी भत्ता बढ़ाकर 2500 रुपए कर दिया। केंद्र सरकार ने भी छत्तीसगढ़ के मिलेट मिशन की बहुत तारीफ की। जितना अच्छा काम छत्तीसगढ़ में हो रहा है वो पहले कभी नहीं हुआ था। नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक 5 साल में 40 लाख लोग छत्तीसगढ़ में गरीबी से बाहर आये हैं।

19 डीएसपी को मिली पदोन्नति

» छानबीन समिति की अनुशंसा पर पदोन्नति समिति ने लिया फैसला

रायपुर,08 सितम्बर 2023 (ए)। राज्य सरकार ने राज्य पुलिस सेवा के 19 डीएसपी को एएसपी/उप सेनानी के पद पर पदोन्नत किया है. 1 जनवरी 2023 की स्थिति में पदोन्नति

समिति की 8 अगस्त को बैठक हुई थी. छानबीन समिति की अनुशंसा के आधार पर 19 डीएसपी को पदोन्नति दी गई है।

किसानों से 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदेगी छत्तीसगढ़ सरकार

रायपुर,08 सितम्बर 2023(ए)। छत्तीसगढ़ में इसी साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने को है। चुनाव को देखते हुए राज्य में नेताओं के दौरे बढ़ गए है। कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे इस समय छत्तीसगढ़ दौरे पर है। शुक्रवार को कांग्रेस अध्यक्ष खरगे राजनांदगांव में आयोजित 'भरोसे का सम्मेलन' में शामिल हुए। इस दौरान सीएम भूपेश बघेल बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। सीएम भूपेश ने कहा कि यहां के रमन सिंह 15 साल सीएम रहे, लेकिन सबसे पिछड़े 10 जिलों में राजनांदगांव जिला शामिल है। रमन सिंह के राज में लूट, अखफोडवा, गर्भाशय कांड हुआ। केंद्र हमारा चावल खरीदे या मत खरीदे, लेकिन हम हर हाल में 20 क्विंटल धान खरीदेंगे। राजनांदगांव संस्कारधानी है। यहाँ से निकले बड़े कलाकारों को नमन करता हूँ। सबका राशन कार्ड बन रहा है। किसी का राशन कार्ड कट नहीं रहा है। नई बहू आ गई, परिवार अलग हो गया तो भी राशन कार्ड बन रहा है। आदिवासी क्षेत्र में गुड़ बंट रहा है। किसी गरीब को अनाज के बिना तकलीफ नहीं हो रही है। हम किसानों से 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान भी खरीदेंगे। कोरोना महामारी के बावजूद हमने किसानों से धान की खरीदी जारी रखी। हम हमेशा किसान, मजदूर के हित में काम करते हैं। हम दो रुपए में गोबर खरीदते हैं। आज गौपालक हो, किसान हो, बेरोजगार साथी हो, हम सबको पैसा देते हैं। हम हर पंद्रह दिन में डीबीटी के माध्यम से पैसा देते हैं। हर तीन महीने में किसानों के खाते में पैसे डालते हैं। तेंदूपत्ता संग्राहकों को पैसा भेजते हैं। बेरोजगारों को हर महीने पैसे देते हैं।

इंद्रावती नदी में डूबे सात लोग

दंतेवाड़ा,08 सितम्बर 2023(ए)। बारसूर थाना क्षेत्र के मुचनार घाट पर यात्रियों से भरी नाव पलट गई. नाव में सात लोग सवार थे, सभी की नदी में डूबने की खबर सामने आ रही है. मौके पर ग्रामीण इंद्रावती नदी में खोजबीन करने में जुटे हैं. अभी तक किसी का कोई पता नहीं चल पाया है. एएसपी आरके बर्मन ने बताया कि सूचना मिली है कि सात लोग नदी में डूब गए हैं. पुलिस बल के साथ गोताखोरों को भेजा जा रहा है. ग्रामीण भी खोजबीन करने में जुटे हैं. बताया जा रहा कि सभी ग्रामीण कोडनार गांव के रहने वाले हैं. सभी बारसूर बाजार से घर की ओर लौट रहे थे. तभी यह हादसा हो गया. नाव में सात लोग सवार थे, इनमें एक ग्रामीण सुरक्षित है. 2 लोग लापता हैं, वहीं 3 की रेस्क्यू जारी है.

तीन लोग नदी के बीच मजधार में पेड़ का सहारा लेकर जान बचाकर बैठे हुए हैं. यह सूचना शिक्षिका ने पुलिस अधिकारियों तक पहुंचाई. मौके पर पुलिस अधीक्षक के साथ बल और बाढ़ बचाव राहत दल भी पहुंचा. दल ने लाइफ जैकट पहन कर उफनती नदी में स्टिर्म बोट उतार दी है. किसी तरह बीच मजधार में फसे उन तीन युवकों को बचा लिया गया है. दो लोगों ने पहले ही नदी तैरकर पार कर लिया. लापता दो युवकों की पतासाजी की जा रही है.

स्वास्थ्य बीमा योजना की राशि पाने डेंगू के इलाज के नाम पर अस्पतालों में फर्जीवाड़ा

रायपुर,08 सितम्बर 2023(ए)। खूबचंद बघेल स्वास्थ्य बीमा योजना से राशि पाने के लिए शासकीय और निजी स्वास्थ्य संस्थानों ने सौ से ज्यादा क्लेम किया है। कोंडागांव और गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में डेंगू के एक भी केस रिपोर्ट नहीं हुए हैं, लेकिन यहां से 167 और 25 मरीजों के इलाजा का दावा किया गया है। सूरजपुर, राजनांदगांव, सुकमा में एक-एक केस रिपोर्ट हुए हैं, लेकिन इन जिलों में क्रमशः 121, 36 और 33 क्लेम किए गए हैं। इसी तरह कांकेर और सरगुजा से दो-दो केस सामने आए हैं, जबकि 25-25 क्लेम किए गए हैं। बीजापुर में 10 और बस्तर में 19 मरीज मिले हैं, जबकि यहां से 37 और 29 क्लेम हुए हैं।

वहीं, रायगढ़ जिले में डेंगू के ज्यादा मरीज मिले हैं, लेकिन क्लेम कम किया गया है। यहां 95 केस रिपोर्ट हुए हैं, लेकिन केवल 25 क्लेम हुए हैं। रायपुर जिले में आठ केस रिपोर्ट हुए हैं, जबकि 327 मरीजों के इलाज का दावा किया गया है। यह सभी क्लेम इस वर्ष एक अप्रैल से 29 अगस्त तक हुए हैं। ऐसे में स्वास्थ्य इन सभी क्लेम की एजलाइजा जांच की रिपोर्ट मांग रहा है। इन्हें देने के बाद ही अस्पतालों को क्लेम की राशि का भुगतान किया जाएगा।

मरीजों की जानकारी देने में लापरवाही

स्वास्थ्य विभाग के अफसरों के अनुसार सभी शासकीय व निजी अस्पतालों को डेंगू के मरीजों की जानकारी देनी है। लेकिन इसमें लापरवाही बरती गई। वहीं, डेंगू की पुष्टि के लिए तीन तरह से जांच होती है। इसमें रैपिड के अलावा एंटीजन ब्लड और एलाइजा टेस्ट शामिल है, लेकिन केंद्र सरकार की गाइड लाइन के अनुसार एलाइजा से ही डेंगू

पाजिटिव या निगेटिव माना जाता है। साथ ही क्लेम भी इसी आधार पर हो सकता है।

ऐसे खुला सारा मामला

रायपुर जिले में आठ केस के बदले शासकीय और निजी स्वास्थ्य संस्थानों द्वारा 327 मरीजों के इलाज का दावा किया गया है, जिसकी जांच की जा रही है। इस पर स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेश के दूसरे जिलों से डेंगू पीड़ितों की जानकारी मांगी। जिसकी रिपोर्ट के आधार पर यह पूरा मामला प्रकाश में आया।

आठ दिनों का 35 हजार का पैकेज

स्वास्थ्य विभाग ने आयुष्मान और डा. खूबचंद बघेल योजना के तहत डेंगू के इलाज का आठ दिनों का पैकेज करीब 35 हजार तय किया गया है। जिसमें आइसीयू में तीन दिन रखा जा सकता है। इसके लिए साढ़े आठ हजार प्रतिदिन के हिसाब से पैकेज तय है। उसके बाद डाक्टर मरीज की स्थिति के हिसाब से पांच दिन जनरल वार्ड में रख सकते हैं। इसके लिए प्रतिदिन का 2,200 पैकेज तय किया गया है।

राजधानी में आठ केस के बदले शासकीय और निजी स्वास्थ्य संस्थानों द्वारा 327 मरीजों के इलाज के दावे के बाद सीएमएचओ की ओर से जांच के लिए तीन-तीन सदस्यीय पांच टीमें गठित की गई है। विगत पांच दिनों बाद भी अस्पतालों की जांच नहीं हो पाई है। शासकीय के अलावा करीब 52 निजी अस्पतालों ने मरीजों के इलाज का दावा किया है। विशेषज्ञों के अनुसार सभी डेंगू पाजिटिव को भर्ती करने की आवश्यकता नहीं पड़ती। प्लेटलेट्स में भारी गिरावट आने पर ही मरीज को भर्ती किया जाता है।

डाक्टरों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

डेंगू के इलाज के लिए किसी तरह की पृथक दवा नहीं है। लक्षण के आधार पर इसका इलाज किया जाता है। इसके साथ ही तय गाइडलाइन के मुताबिक एलाइजा टेस्ट को ही डेंगू संक्रमण की पुष्टि के लिए अधिकृत माना जाता है। सरकारी व निजी अस्पताल तथा स्वास्थ्य केंद्रों को इसकी जानकारी देने के लिए शुक्रवार को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें आंबेडकर अस्पताल के मेडिसिन विभाग के चिकित्सक डा. आरएल खरे तथा एम्स के डा. अतुल जिंदल एसओपी का प्रशिक्षण देंगे।

राज्य महामारी नियंत्रक डा. सुभाष मिश्रा ने कहा, प्रदेशभर से डेंगू मरीजों के इलाज में फर्जीवाड़े की शिकायतें मिलने के बाद सभी सीएचएमओ को अलर्ट कर जांच के निर्देश दिए गए हैं। क्लेम करने वाले अस्पतालों की पूरी जानकारी मांगी गई है। डेंगू की पहचान के लिए एलाइजा टेस्ट जरूरी है।

पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने परिवर्तन यात्रा के लिए की सुरक्षा मांगा

» टारगेट किलिंग का लगाया आरोप

रायपुर,08 सितम्बर 2023(ए)। चुनावी दौर अब नजदीक आते ही भारतीय जनता पार्टी भूपेश सरकार के खिलाफ परिवर्तन यात्रा निकालने जा रही है इस यात्रा को लेकर पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने एकात्म परिसर में प्रेस वार्ता करके डीजीपी और गृह सचिव से मिलकर सुरक्षा की मांग की। इस दौरान बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ में भूपेश सरकार के शासन काल में टारगेट किलिंग होने का आरोप लगाया हैं।

एकात्म परिसर में मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा कि , भारतीय जनता पार्टी अब भूपेश सरकार के खिलाफ परिवर्तन यात्रा निकालने जा रही है। भाजपा दो पारियो में परिवर्तन यात्रा निकालेगी जिसमे 12 सितंबर से दंतेवाड़ा तो दूसरा परिवर्तन यात्रा 16 सितंबर से जशपुर से निकाली जाएगी। भूपेश सरकार में गुण्डा राज चल रहा है। भूपेश सरकार सत्ता में आने के लिए किसी भी स्तर पर गिर सकती है। इसलिए सुरक्षा की मांग कर रहे है। मुख्यमंत्री और गृहमंत्री से कोई उम्मीद नहीं है इसलिए गृह सचिव और डीजीपी से सुरक्षा की मांग कर रहे है। साथ ही भाजपा जल्द ही गृह सचिव डीजीपी से इस यात्रा में कड़ी सुरक्षा को लेकर मुलाकात करेगी।

दगाबाज पत्नी घर में आशिक के साथ रंगरेलियां मनाते धराई

» गुस्साए पति ने काट दिया गुप्तांग

मुंगेली,08 सितम्बर 2023(ए)। जिले से पति,पत्नी और ओ का मामला सामने आया है. यहां पत्नी घर पर दूसरे मर्द (आरक्षक) के साथ रंगरेलियां मना रही थी। उसी वक्त अचानक महिला का पति घर पहुंच गया और आरक्षक को अपनी पत्नी के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देखकर आक्रोशित हो गया। गुस्साए पति ने आरक्षक का प्राइवेट पार्ट (गुप्तांग) काट दिया। घायल आरक्षक को बिलासपुर के अपोलो अस्पताल में दाखिल करवाया गया हैं।

दरअसल, यह मामला मुंगेली के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के पास पॉश कॉलोनी में रहने वाली एक शादीशुदा महिला के साथ पुलिस आरक्षक रोहित सिंह परिहार का अवैध संबंध था।

पुलिस आरक्षक रोहित सिंह परिहार वर्तमान में पुलिस लाइन में पदस्थ है। महिला का पति किसी काम से बाहर गया था। तभी मौके का फायदा उठाकर महिला ने अपने प्रेमी आरक्षक को घर बुला लिया और उसके साथ रंगरलिया मनाने लगी। आधी रात को अचानक महिला का पति घर आ गया। इस दौरान उसने अपनी पत्नी को आरक्षक के साथ आपत्तिजनक हालत में देखा और गुस्से लाल होकर पास में रखे हंसिए से आरक्षक पर हमला कर गुप्तांग काट दिया। घटना के बाद दोनों पक्षों ने कोतवाली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सहकारी बैंक में 407 पदों पर होगी भर्ती

रायपुर,08 सितम्बर 2023(ए)। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक) में फील्ड ऑफिसर, कार्यालय सहायक, सामान्य सहायक, समिति प्रबंधक, उप प्रबंधक समेत अन्य के 407 पदों पर भर्ती होगी। इसकी परीक्षा व्यापम से आयोजित की जाएगी। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक 23 सितंबर तक आवेदन किए जा सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार 24 सितंबर से 26 सितंबर तक किए जाएंगे। व्यापम से संभावित परीक्षा तिथि घोषित की गई है।इसी तरह लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (तकनीकी) छत्तीसगढ़ के तहत हैंडपंप तकनीशियन की भर्ती होगी। यह परीक्षा भी व्यापम से आयोजित की जाएगी। इसके लिए 10 सितंबर तक आवेदन किए जा सकते हैं। 11 से 13 सितंबर तक त्रुटि सुधार किए जा सकते हैं। यह भर्ती कुल 188 पदों के लिए होगी। इसके लिए व्यापम से 24 सितंबर को परीक्षा आयोजित की जाएगी। हैंडपंप तकनीशियन भर्ती के लिए 12 वीं पास होने के साथ ही आईटीआई भी जरूरी है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)